।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 22 अंक - 233

नर्मदापुरम

मंगलवार, 09 जून 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


**खास बात**

*मरने वाले लोग तो खैर बेबस हैं। लेकिन जीने वाले व्यक्ति भी इस दुनिया में कमाल करते हैं।*

*- अदय*

## राज्यसभा चुनाव : भाजपा के महेश केवट और कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने भरा नामांकन



भाजपा प्रत्याशी महेश केवट नामांकन फार्म सौपते हुए।

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने पार्टी की कोर कमेटी के सदस्यों व वरिष्ठ नेतृत्व के साथ सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा पहुंचकर भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी महेश केवट का नामांकन दाखिल कराया।

**सीएम प्रदेश अध्यक्ष सहित कई नेता हुए शामिल**

इससे पहले महेश केवट ने प्रदेश कार्यालय स्थित मंदिर में दर्शन-पूजन कर पार्टी के पितृ पुरूष पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ माल्यार्पण किया। राज्यसभा प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कराने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा की तीनों रिक्त हो रही सीटों के लिए अपने प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं। भाजपा के तीनों राज्यसभा प्रत्याशी विजयी होंगे। प्रभु श्रीराम ने निषादराज को गले लगाकर उनको सम्मान देने का कार्य किया था।

### विधायकों की एकजुटता पर कांग्रेस का जोर

मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन ने सोमवार को विधानसभा स्थित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपने वरिष्ठ नेताओं और अधिकांश विधायकों की मौजूदगी दर्ज कराई। नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे। विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीनाक्षी नटराजन ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान जीतू पटवारी स्वयं विधायकों को रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष तक लेकर पहुंचे।



कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन नामांकन फार्म सौपते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### इराक में बस पलटने से 21 की मौत, 19 से अधिक घायल



**बगदाद।** इराक में रविवार को यात्रियों से भरी एक बस पलटने से 21 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना नासिरियाह और बसरा को जोड़ने वाले हाई-वे पर हुई। मरने वालों में दो ईरानी नागरिक भी हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ तथा तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू एजेंसी ने इराक के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया कि हादसे के बाद स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल हुसैन अल-मौसावी ने स्थिति की निगरानी शुरू कर दी है। उन्होंने मेडिकल, स्वास्थ्य और एम्बुलेंस टीमों को हाई अलर्ट पर रहने तथा घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### विशाखापत्तनम स्टील प्लांट हादसे में 8 श्रमिकों की मौत



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को हुए भीषण हादसे में अब तक आठ श्रमिकों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद पूरे प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।

## अंतर्मना उवाच

**सफ़र भी छूट जायेगा, शहर भी छूट जायेगा, जहाँ जन्म लिया था तुमने, वह गाँव-नगर भी छूट जायेगा.. जिस आँगन में खेले-कूदे, गिरे-संभले, जिसे छोड़ने की कभी कल्पना भी न की थी.. वह घर-परिवार भी एक दिन छूट जायेगा..!**

इसलिए --

- धन की सार्थकता तभी है, जब धर्म के साथ धनार्जन हो।
- संपत्ति की सार्थकता तभी है, जब रिश्ते न टूटें, परिवार न बिखरे।
- विशिष्टता तभी सार्थक है, जब व्यवहार में नैतिक शिष्टता हो।
- रूप की सुंदरता तभी सार्थक है, जब चारित्र शुद्ध हो।



संत भवन, कुशलगढ जिला,बाँसवाडा (राज)। कडक धूप, भीषण गर्मी, 42डिग्री तापमान में 60 मिनिट का उत्कृष्ट तप करते तपस्वी सम्राट अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज

- मंदिर जाना और धर्म करना तभी सार्थक है, जब हृदय में करुणा और दया का भाव बढ़े।
- व्यापार तभी सार्थक है, जब वाणी और व्यवहार मधुर हो।
- ज्ञानी होना तभी सार्थक है, जब ज्ञान के अनुरूप आचरण हो।
- ख्याति, नाम और कीर्ति तभी सार्थक हैं, जब अहंकार सिर पर न चढ़े।
- बुद्धि तभी सार्थक है, जब उसके उपयोग में विवेक हो।
- अतिथि बनना तभी सार्थक है, जहाँ सम्मान और अपनापन हो।
- रिश्ते तभी सार्थक हैं, जब आपस में विश्वास हो।

**कभी-कभी अधिक परखने से, अच्छे-अच्छे रिश्ते भी दरक जाते हैं...!!!**

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### 2 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित हो रही यूनिट से एक हजार को मिलेगा रोजगार

## भारत बन रहा ग्लोबल फार्मा हब, इसमें मप्र की बड़ी भूमिका : सीएम

**निवेशकों और कंपनियों का खुले दिल से स्वागत है**

- ■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वी.सी. से किया यूनिट का भूमि-पूजन
- ■ मध्यप्रदेश की उद्योग अनुकूल नीतियों से प्रभावित होकर कंपनी ने भारत में पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए चुना पीथमपुर को



**पीथमपुर में बनेगी हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफेक्चरिंग यूनिट**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत मात्रा के आधार पर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फार्मा उत्पादक देश है। यहां 3 हजार से अधिक कम्पनियां और 10 हजार 500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां दवाओं का उत्पादन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 300 से अधिक फार्मा कम्पनियां तथा 30 से अधिक एपीआई और बल्क ड्रग्स निर्माता सक्रिय हैं। इनके द्वारा निर्मित दवाएं अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में निर्यात हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 75 से अधिक मेडिकल डिवाइस यूनिट्स सक्रिय हैं। राज्य के कुल निर्यात में फार्मा सेक्टर का लगभग 20 प्रतिशत योगदान है। मध्यप्रदेश अब केवल उत्पादन केंद्र नहीं, बल्कि एक स्थापित ग्लोबल एक्सपोर्ट हब बन चुका है।

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया में 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। वर्तमान में दुनिया भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद उत्पादन केंद्र, वैश्विक सप्लाई चेन पार्टनर और आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को 'ग्लोबल फार्मा हब' बनाने में मध्यप्रदेश की भूमिका तेजी से बढ़ रही है।

मध्यप्रदेश आज हर क्षेत्र में निवेश के नये युग में प्रवेश कर आर्थिक एवं औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है। हेलियन कंपनी ने भारत में पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए मध्यप्रदेश के पीथमपुर को चुना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भूमि सफलता की धरती भी है। मध्यप्रदेश सरकार और हेलियन कंपनी के बीच आज परस्पर विश्वास की और असीम संभावनाओं की नई शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी औद्योगिक नीतियों के कारण देश-दुनिया सभी मध्यप्रदेश पर भरोसा कर रहे है। सबका यही विश्वास ही हमारी पूंजी है।

सीएम सोमवार को पीथमपुर में स्थापित होने जा रही हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर कंपनी की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सांकेतिक भूमि-पूजन किया।

सीएम ने कहा कि यह नए दौर का मध्यप्रदेश है। हमारा प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के इच्छुक सभी निवेशकों को उद्योग स्थापना से लेकर उत्पादन प्रारंभ होने तक हर स्तर पर राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। बताया गया कि हेलियन ग्रुप की इस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के माध्यम से करीब 1000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कंपनी द्वारा इस प्लांट में 30 प्रतिशत तक महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखने की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारी सरकार के महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को और भी मजबूती देगा। सीएम ने इस ऐतिहासिक भूमि-पूजन अवसर पर हेलियन ग्रुप को बधाई देते हुए कहा कि सरकार हर कदम पर आपके सहयोग के लिए साथ खड़ी है। कंपनी ने मध्यप्रदेश में तात्कालिक तौर पर 2 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी की मध्यप्रदेश में निवेश राशि 2 हजार करोड़ रुपये से 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।

### मोदी बोले-जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया

## 12 साल में बदला भारत, केंद्र में रहा गरीब और वंचित वर्ग

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस 12 साल में भारत ने अनेक परिवर्तन देखे हैं और इन बदलावों के केंद्र में गरीब, वंचित तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण रहा है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो दशकों तक इससे वंचित रहे।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि जनधन खातों, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सम्मानजनक जीवन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीबीटी और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इससे रिसाव में कमी आई है, कार्यकुशलता बढ़ी है और शासन व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की यह यात्रा अब मानव सशक्तीकरण के एक व्यापक अभियान में बदल गई है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि विकास की मुख्यधारा से लंबे समय तक दूर रहे लोगों को भी समान अवसर और सुविधाएं उपलब्ध हों। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है और यही प्रयास विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव बन रहे हैं।

### पीएम मोदी बनाएंगे नया रिकॉर्ड

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं। 10 जून को वह लगातार 4,399 दिन तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। इसके साथ ही वह भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड पीछे छोड़ देंगे। नेहरू ने पहले आम चुनाव के बाद निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4,398 दिन तक पद संभाला था। नरेंद्र मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार जीत हासिल की। जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता के बाद 15 अगस्त 1947 को प्रधानमंत्री पद संभाला था। हालांकि उनका निर्वाचित कार्यकाल 13 मई 1952 से शुरू माना जाता है और 27 मई 1964 तक चला था।

## फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप अब तक 19 की मौत, 134 घायल

**मनीला ■ एजेंसी**

फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में सोमवार सुबह आए 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचा दी। इसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 134 लोग घायल हुए हैं। कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है और कुछ ढह गई हैं। भूकंप के बाद पूरे एशिया में सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, जिसे बाद में अधिकांश क्षेत्रों के लिए वापस ले ली गई।

फिलीपींस की सरकारी समाचार संस्था फ़िलिपीन न्यूज़ एजेंसी और यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप सोमवार सुबह स्थानीय समयानुसार मिंडानाओ में द्वीप के पास आया। फ़िलिपीन इंस्टीट्यूट ऑफ़ वोल्केनोलॉजी एंड सिस्मोलॉजी ने बताया कि मुख्य झटके के बाद एक घंटे से ज़्यादा समय तक झटके महसूस किए गए। दक्षिणी मिंडानाओ में



7.22 लाख की आबादी वाले शहर 'जनरल सैंटोस' को सबसे ज़्यादा नुकसान पहुंचा है। वहीं, पीएचआईवीओएलसी ने बताया कि सोक्ससारजेन के दक्षिणी इलाके में स्थित इस शहर में भूकंप की तीव्रता उनके पैमाने पर 'बहुत ज़्यादा' मापी गई। आधिकारिक सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट में एक तीन मंज़िला इमारत, जिसमें लोकप्रिय फास्ट फूड चेन जॉलीबी रेस्टोरेंट था, मलबे और धूल के गुबार के साथ ढहती दिख रही है।

### सीबीएसई मूल्यांकन मामले में हाईकोर्ट सख्त, केंद्र और बोर्ड को थमाया नोटिस





**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम (ओएसएम) में हुई गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 जून 2026 को तय की है।

## लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक, कई बड़े चेहरों ने बनाई दूरी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

विपक्षी खेमे में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। सोमवार को राजधानी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया ब्लॉक' की बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई।





चुनाव नतीजों के बाद सभी घटक दलों का यह पहला औपचारिक जमावड़ा था। इस बैठक में आगे की रणनीति पर गंभीर मंथन हुआ। बैठक में 23 राजनीतिक दलों के कुल 27 शीर्ष नेता शामिल हुए। हालांकि, कुछ बड़े दलों की अनुपस्थिति ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

इस अहम बैठक में विपक्षी गठबंधन के लगभग सभी प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल ने कमान संभाली। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी बैठक में शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी विशेष रूप से दिल्ली पहुंचे। इनके अलावा राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। झारखंड मुक्ति मोर्चा से सरफराज अहमद बैठक में पहुंचे।

### *राज्यसभा चुनाव : मध्यप्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों के लिए मुकाबला हुआ रोचक*

## भाजपा के पास 10 वोट कम, कांग्रेस के पास 5 ज्यादा, ऐसे में किसे मिलेगी तीसरी सीट ?

**भोपाल ■ दिनेश शर्मा**

*मध्यप्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों के लिए मुकाबला रोचक हो गया है। भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक उम्मीदवार उतारा है। चर्चा का केंद्र तीसरी सीट है। कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग होना या न होना ही तीसरी सीट का फैसला करेगा।*

*मप्र में राज्यसभा की 3 सीटों के लिए चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है। विधानसभा में विधायकों की संख्या के आधार पर भाजपा की 2 सीटों पर जीत तय थी, जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में जाती दिख रही थी। हालांकि भाजपा ने तीसरा उम्मीदवार उतारकर चुनाव को रोचक बना दिया है। तीसरी सीट किसे मिलेगी, मीनाक्षी नटराजन या महेश केवट? इस पर सियासी गलियारो में चर्चा शुरू हो गई है।*

**मध्य प्रदेश का संख्या बल क्या कहता है?**

*मध्यप्रदेश विधानसभा में कुल 230 सीटें हैं। दतिया विधानसभा के विधायक का निर्वाचन शून्य घोषित हो चुका है, वहीं विजयपुर विधायक को कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव के मतदान के लिए अयोग्य बताया है। इस हिसाब से वर्तमान में 228 सदस्य मतदान के पात्र हैं। इस लिहाज से एक उम्मीदवार को जीतने के लिए पहली वरीयता के 58 वोटों की जरूरत पड़ेगी। भाजपा के पास 164 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 63 विधायक हैं। वहीं, एक विधायक भारत आदिवासी पार्टी के कमलेश डोडियार हैं। अगर दोनों पक्षों से क्रॉस वोटिंग नहीं होती है तो भाजपा अपने दो उम्मीदवारों को आसानी से जिता सकती है। वहीं, कांग्रेस भी अपनी उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन को जिता सकती है*

**कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का डर**



### *किन बड़े चेहरों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है?*

*राज्यसभा से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, दिग्विजय सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवोगौड़ा जैसे प्रमुख नेता सेवानिवृत्त होने वाले हैं। मध्य प्रदेश से जिन सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें कांग्रेस के दिग्विजय सिंह, भाजपा के जॉर्ज कुरियन और सुमेर सिंह सोलंकी शामिल हैं। इसी तरह राजस्थान से राजेंद्र गहलोत, नीरज डांगी और रवनीत सिंह की सीटें खाली होने जा रही हैं।*

**उड़ता तीर**





भोपाल। प्रसिद्ध आचार्य कथा वाचक श्री देव मुरारी बापू का आज वृंदावन से भोपाल आगमन पर समाज सेवी सुरेन्द्र त्यागी मित्र मंडली ने स्वागत किया। इस अवसर पर देवेंद्र शर्मा, कैलाश सिंह यादव, रिंकू सिंह, अमन दमेले और अरुण त्यागी सम्मान किया और आशीर्वाद लिया।

# डीआरएम ने दुर्घटना टालने 5 रेल कर्मचारियों को संरक्षा अवार्ड से किया सम्मानित

भोपाल ■ निसं

रेल संचालन में उत्कृष्ट सतर्कता, सजगता एवं संरक्षा के प्रति समर्पित कार्य करने वाले 5 कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 08 जून 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी द्वारा संरक्षा अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। संरक्षा अवार्ड प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में इंजीनियरिंग विभाग से सुमेन्द्र मीना (ट्रैक मेंटेनर, शिवपुरी), सतीश बकोरिया (वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर, इटारसी) एवं आशीष पराशर (वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर, बीना) तथा टीआरओ विभाग से विनोद तिवारी (लोको पायलट मेल, भोपाल) एवं यशपाल साहू (वरिष्ठ सहायक लोको पायलट, भोपाल) शामिल रहे।



सुमेन्द्र मीना ने 27.05.2026 को शिवपुरी स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान प्वाइंट संचालन से संबंधित सवालों का कुशलतापूर्वक उत्तर देकर तथा प्वाइंट एवं संरक्षा संबंधी नियमों की उत्कृष्ट जानकारी प्रदर्शित कर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। सतीश बकोरिया ने 02.05.2026 को मालगाड़ी कार्य के दौरान गुजरने वाली गाड़ी संख्या 11058 अमृतसर-मुम्बई एक्सप्रेस में असामान्य स्थिति का अवलोकन किया तथा समय रहते सूचना देकर संभावित दुर्घटना को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सतर्कता के कारण आवश्यक जांच के उपरांत ब्रेक ब्लॉक जाम पाए गए।

आशीष पराशर ने 11.05.2026 को मालगाड़ी संचालन के दौरान एक वैगन के सस्पेंशन कॉइल स्प्रिंग के मिसिंग पाए जाने की सूचना स्टेशन प्रबंधन को दी। उनकी सजगता के फलस्वरूप संबंधित वैगन को स्टेशन पर अलग कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

इसी प्रकार 25.05.2026 को गाड़ी संख्या 19483 अहमदाबाद-सहरसा एक्सप्रेस में कार्यरत लोको पायलट (मेल) विनोद तिवारी एवं वरिष्ठ सहायक लोको पायलट यशपाल साहू ने नर्मदापुरम-बुधनी रेलखंड के मध्य किलोमीटर 676/30 पर ट्रैक पर उत्पन्न असामान्य स्थिति को समय रहते देखा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक खरीदने के नाम पर लाखों की हेराफेरी

**भोपाल।** मिसरोद पुलिस ने शिवपुरी के ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर वाहन डीलर समेत दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपियों ने ट्रांसपोर्टर से दो ट्रक खरीदे और कागजात तैयार कर 36 लाख रुपए फाइनेंस करा लिए। उसमें से फरियादी को केवल 12 लाख की रकम दी गई, और 23 लाख रुपए आरोपियों ने अपने पास रख लिए। पुलिस के मुताबिक शिवपुरी के पंकज शर्मा (45) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया था की वह ट्रांसपोर्टर हैं। उनके भाई भोपाल में रहते हैं। जनवरी 2025 में दो ट्रक बेचने के लिये पंकज शर्मा ने वाहन डीलर गजराज सिंह परमार से संपर्क किया। गजराज का ऑफिस शीतलधाम सोसायटी समरधा में है। पंकज ने गजराज के जरिये से दोनो ट्रको का सौदा रजनीकांत यादव से 36 लाख रुपए में तय करते हुए उसे बेच दिए। रजनीकांत के नाम ट्रक ट्रांसफर होने के बाद उस पर 36 लाख की रकम फाइनेंस कराई गई। रजनीकांत ने फाइनेंस के 36 लाख रुपए गजराज को दे दिए ताकि वो पंकज को ट्रक खरीदने की रकम दे दे। लेकिन गजराज ने पंकज को 12 लाख रुपए दिए और बाकी की 23 लाख की रकम अपने पास रख ली। जब फरियादी ने बार-बार रकम देने का दबाव बनाया तब वह टाल-मटौल करने लगा। परेशान होकर पंकज ने पुलिस थाने में लिखित शिकायत कर दी। पड़ताल के दौरान पता चला कि 23 लाख रुपए गजराज सिंह ने खुद रख लिए हैं।

### देर रात हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों की तलाश जारी

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना इलाके में स्थित अशोका कालोनी में शुक्रवार देर रात हवाई फायरिंग कर दहशत फैलने वाले दो स्कूटी सवार बदमाशों के संबध में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे है। अफसरो का दावा है की आरोपियो को दबोचने के प्रयास किये जा रहे है, और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे बदमाशों की स्कूटी सड़क पर गिर गई थी, लेकिन इससे पहले लोग उन्हें दबोच पाते वे फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात करीब दस बजे स्कूटी सवार दो युवक अशोका कालोनी की एक गली में पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हवा में कई राउंड फायर किए। गोली और शोर की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए। बताया गया है कि बदमाश किसी व्यक्ति को डराने या इलाके में अपना वर्चस्व दिखाने आए थे। फायरिंग के तुरंत बाद भागने के दौरान उनकी स्कूटी फिसल गई और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। बाद में उन्होंने स्कूटी उठाई और फरार हो गए।

### जैन समाज के 8 दिवसीय बाल युवा शिक्षण शिविर का समापन

**भोपाल।** जैन समाज के 8 दिवसीय जैन बाल युवा शिक्षण शिविर का समापन हुआ, सभी को सम्मानित किया गया। बच्चे प्रतिदिन अभिषेक- पूजा के साथ जैन सिद्धांतों का पालन, आध्यात्मिकता और संस्कृति, संस्कारों को आत्म सात कर रहे थे। शिविर प्रभारी मोहित बड़कुल ने बताया- समाज के उच्च शिक्षित युवाओं द्वारा जीवन को सात्विक विचार धारा के साथ सरल रूप में जीने की शैली सिखाई जा रही थी। बाल एवं युवा शिक्षण शिविर में बच्चों द्वारा अपनी हॉबी के अनुसार कला का प्रदर्शन किया गया। इनमें प्रमुख प. अशोक मांगुलकर, प. रितेश शास्त्री इंदौर, पंडित सौरभ अहमदाबाद, पंडित आयुष दिल्ली, पंडित मुक्तेश अशोक नगर, पंडित आर्जव सिवनी आदि विद्वानों द्वारा दी गई।

### भोपाल निगम परिषद की मीटिंग आज, सिर्फ एक एजेंडा

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर होगी चर्चा, विपक्ष सड़क, पानी-नाले के मुद्दे उठाएगा

भोपाल ■ निसं

भोपाल नगर निगम परिषद की मीटिंग मंगलवार को होगी। हालांकि, इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का एक ही एजेंडा है। ऐसे में विपक्ष सड़क, पानी और नाले की सफाई के मुद्दे पर सत्ता पक्ष को घेर सकता है।

दरअसल, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। विभाग ने सभी निकायों को 5 जून को मीटिंग करने को कहा था, लेकिन भोपाल निगम 9 जून को यह विशेष बैठक कर रहा है।

**सीनियर पार्षद सरवर रखेंगे अपनी बात:** बैठक में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी मौजूद नहीं रहेंगी। पारिवारिक कारणों से उनके शहर से बाहर मुंबई में होने की वजह से उन्होंने बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई है। इस स्थिति को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने नगर निगम अध्यक्ष को एक आधिकारिक पत्र लिखकर अपनी जगह वार्ड-16 के पार्षद मो. सरवर को बैठक के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुमति मांगी है। जकी की अनुपस्थिति में पार्षद मो. सरवर परिषद की बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष की मुख्य भूमिका का निर्वहन करेंगे। मीटिंग में वे मानसून से जुड़ी समस्याओं को लेकर बात रखेंगे।




उन्होंने बताया कि विशेष बैठक में सिर्फ एक एजेंडा है। इस पर तो चर्चा होना ही चाहिए, लेकिन मानसून पूर्व उन सभी विषयों पर भी चर्चा हो, जो आम जनता के हित में है। भोपाल में वर्तमान में पानी का मुद्दा बड़ा है। कोलार हो या नर्मदा लाइन, सभी फूट रही है। जिससे कई दिन तक लोगों को पानी नहीं मिलता।

थोड़ी सी बारिश में शहर में जलभराव के हालात बन जाते हैं। चार दिन पहले हुई तेज बारिश की वजह से महामाई का बाग की तरफ जाने वाले नाला चोक हो गया था। इससे क्षेत्रवासी खासे परेशान रहे। शहर के कई इलाकों में सड़कें जर्जर है। ये सभी शहर के लिहाज से बड़े मुद्दे हैं।

### मप्र के एक लाख संविदाकर्मियों का वेतन बढ़ा

## हर महीने 3800 रुपए तक बढ़कर मिलेगी सैलरी, 1 अप्रैल 2026 से फायदा

भोपाल ■ निस

मध्य प्रदेश के एक लाख से अधिक संविदा अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी होगी। वित्त विभाग ने सोमवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। एक अप्रैल 2026 से उनके पारिश्रमिक में 4.46 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लागू होगी।

संविदा अधिकारी-कर्मचारी संघ का दावा है कि इससे कर्मचारियों के वेतन में हर महीने करीब 1 हजार से 3800 रुपए तक का इजाफा होगा। संविदा अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में बढ़ोतरी का लाभ कर्मचारियों को मिलेगा। इसके लिए संघ लगातार मांग कर रहा था। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी जताया।



**पिछले साल से ज्यादा बढ़ी दर:** वित्त विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग की 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के आधार पर यह आदेश जारी किया है। नीति के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के आधार पर हर साल संविदा कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि की जाती है। एक अप्रैल 2026 की स्थिति में वार्षिक वृद्धि दर 4.46 प्रतिशत तय की गई है। पिछले साल यह दर 2.94 प्रतिशत थी। यानी इस बार कर्मचारियों को पिछले साल की तुलना में अधिक वृद्धि मिलेगी। रमेश राठौर के मुताबिक जुलाई 2023 की संविदा नीति से पहले अलग-अलग विभागों में समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन मिलता था। नई नीति में समकक्ष पदों का वेतनमान एक समान कर दिया गया।

## कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन का आमंत्रण पत्र भेंट किया गया




भोपाल ■ निसं

ज्योतिष मठ संस्थान द्वारा आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में भाग लेने हेतु सम्मेलन की सहयोगी संस्था भुवन विजय पंचांग जबलपुर के डॉक्टर पुनीत शुक्ला जी को आमंत्रण पत्र भेट किया गया एवं सम्मेलन के कार्यक्रम से संबंधित।

सभी 10 सत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई परामर्श प्राप्त कर सुझाव प्राप्त किया गया सम्मेलन के संयोजक पंडित विनोद गौतम ने बताया की सम्मेलन में संस्कारधानी जबलपुर के अनेक विद्वान शामिल हो रहे हैं जिसमें वयोवृद्ध मूर्धन विद्वान पंडित श्री बाला प्रसाद त्रिपाठी जी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया ज्योतिष सम्मेलन में देश के कोने-कोने से मुर्धन विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। देश के लगभग 20 राज्यों से ज्योतिषविद्या के विद्वान अतिथि भोपाल पधारेंगे जिनका लाभ भोपाल की आम जनता को भी होगा वह अपने प्रश्नों के उत्तर एवं परामर्श प्राप्त कर शंका समाधान कर सकेंगे।

## स्वर्णकार समाज को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने की मांग



भोपाल ■ निसं

मप्र स्वर्णकार समाज कल्याण समिति भोपाल के कार्यकारी अध्यक्ष श्री भारतीय हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एल एल एल सोनी के निजनिवास में मप्र भाजपा ओ बी सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के आगमन के सुअवसर पर भव्य स्वागत किया गया। एल एल सोनी द्वारा स्वागत भाषण दिया।

मप्र स्वर्णकार समाज कल्याण समिति भोपाल के महामंत्री अखिलेश सोनी ने अपने सम्बोधन में स्वर्णकार समाज के निगम-मंडलों में एवं अन्य संगठनों में प्रतिनिधित्व प्रदान करने की बात रखी और मप्र स्वर्णकार समाज कल्याण समिति की ओर से ज्ञापन सौंपा और अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया कि राजनीति में स्वर्णकार समाज को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे

इस कार्यक्रम में संजय लाम्बा कैलाश राठौड़ राजन सोनी और भी अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता सप्ताह के तीसरे दिन अभियान रहा जारी

# मिसरोद, हरदा, खिरकिया एवं रुठियाई स्टेशन के समपार फाटक पर सड़क उपयोगकर्ताओं को किया जागरूक

भोपाल ■ निसं

संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 06 जून से 12 जून 2026 तक विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तीसरे दिन भी मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के अंतर्गत संरक्षा विभाग द्वारा 08 जून 2026 को मिसरोद स्टेशन के समपार फाटक संख्या 246 पर 50 सुरक्षा पंपलेट वितरित किए गए तथा 50 सड़क उपयोगकर्ताओं की काउंसिलिंग की गई। इसी प्रकार हरदा स्टेशन के समपार फाटक संख्या 204 पर 60 पंपलेट वितरित कर 60 लोगों को समपार सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। खिरकिया स्टेशन के समपार फाटक संख्या 196 पर 30 पंपलेट वितरित किए गए तथा 30 व्यक्तियों की काउंसिलिंग की गई। वहीं रुठियाई स्टेशन के समपार फाटक संख्या 71 पर 50 पंपलेट वितरित किए गए तथा 60 सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार फाटक सुरक्षा नियमों के संबंध में जागरूक किया गया।



रेल प्रशासन सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील करता है कि समपार फाटकों पर निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करें, बंद फाटक को पार करने का प्रयास न करें तथा सुरक्षित रेल संचालन में सहयोग प्रदान करें। जनसहभागिता एवं जागरूकता से ही समपार दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

### प्रापर्टी विवाद में हवाई फायर करने वाले गार्ड अरेस्ट, जेल भेजने की तैयारी

**भोपाल।** मिसरोद थाना इलाके में स्थित सुरेंद्र लैंडमार्क में शनिवार देर रात शालीमार कॉलोनी के पास जमीन को लेकर हुए विवाद के चलते दो सिक्योरिटी गार्डो ने अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से दर्जन भर राउंड फायरिंग कर दशहत फैला दी। बताया गया है की आरोपी गार्डो ने विवादास्पद जमीन पर साफ-सफाई करने पहुंचे ठेकेदार और उसके मजदूरों से हुए विवाद के बाद फायरिंग की थी। घटना के समय पैट्रौलिंग कर लौट रहे टीआई रतन सिंह परिहार गोलियां की आवाज सुनते ही घटनास्थल पर पहुचें और साहसपूर्वक गोलियां चला रहे दोनों गार्डो की बंदूकों के बैरल के पकड़कर ऊपर की और कर दिए। बाद में टीआई और आरक्षक ड्रायवर ने दोनों गार्डो को काबू में कर उनसे बंदूकें छीन कर अपने कब्जे में लीं। मामले में पुलिस ने गार्डो ने के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस के मुताबिक हनुमानगंज क्षेत्र में रहने वाले मीरचंदानी और परियानी परिवार की सुरेन्द्र लैंडमार्क स्थित शालीमार एन्क्लेव के पास कवर्ड कैम्पस में पांच एकड़ जमीन है।

### कंपनी मुख्यालय में होगा बिजली उपभोक्ताओं का सम्मान

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 12 एवं 13 जून को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

भोपाल ■ निसं

म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कंपनी के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर 12 एवं 13 जून को कंपनी मुख्यालय के साथ ही भोपाल क्षेत्र तथा ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत वृत्त स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान गोविन्दपुरा स्थित मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय तथा सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में बिजली कार्मिकों द्वारा पौधरोपण करने के साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कंपनी के मैदानी कार्यालयों द्वारा भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही सहभागिता करने वाले कार्मिकों और ऐसे स्थानीय नागरिक जिन्होंने कंपनी कार्यो में सहयोग प्रदान किया है उन्हें भी प्रशसतिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं शत-प्रतिशत बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन) डॉ राकेश शर्मा ने बताया है कि राजधानी भोपाल में 12 जून को गोविन्दपुरा स्थित कंपनी मुख्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर प्रबंध संचालक द्वारा कार्मिकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई जाएगी।

### भारत सहित 70 से अधिक देशों में होगा आयोजन

# विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2026 का पोस्टर सौ से अधिक स्थानों पर हुआ लोकार्पित

भोपाल ■ निसं

हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार-प्रसार और नई पीढ़ी को हिंदी से जोड़ने के उद्देश्य से विश्व रंग फाउंडेशन (भारत) एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 सितम्बर (हिंदी दिवस) से 30 सितम्बर (अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस) तक भारत सहित विश्व के 70 से अधिक देशों में आयोजित होगा।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष आयोजित विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में भारत सहित विश्व के कई देशों के लाखों विद्यार्थियों और प्रतिभागियों ने भागीदारी कर अभूतपूर्व रूप से सफल बनाया था। हिंदी ओलंपियाड के देश-विदेश के विजेताओं को भोपाल में आयोजित विश्व रंग महोत्सव में मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्विराज सिंह रूपेण, भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक', विश्व रंग के निदेशक संतोष चौबे द्वारा सम्मान निधि, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया था। विगत वर्ष विश्वरंग हिंदी ओलंपियाड का भव्य उद्घाटन समारोह पूर्वक मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा पोस्टर लोकार्पण एवं वेबसाइट के शुभारंभ के साथ किया गया।



इसी तारतम्य में 'विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2026' के पोस्टर का लोकार्पण स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, भोपाल के वनमाली सभागार में गणमान्य अतिथियों द्वारा समारोह पूर्वक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विश्व रंग के निदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, धीर सिंह पवैया जी, संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, गजेंद्र कुमार जी, प्रमुख, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, नागपुर, डॉ पंकज कुमार, डीन, आईसर भोपाल, अध्यक्ष आई एम एस, भोपाल, डॉ जी. डी. मिश्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, मौसम विज्ञान केंद्र सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहें।

उल्लेखनीय है कि इसके साथ ही विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का पोस्टर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर सहित आईसेक्ट समूह के सौ से अधिक केंद्रों पर समारोह पूर्वक लोकार्पित किया गया। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में पोस्टर का लोकार्पण कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रतिकुलपति, डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलसचिव, डॉ. संगीता जौहरी, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्नावट, एजीयू की निदेशक समन्वय डॉ. पुष्पा असिवाल, विश्व रंग सीईओ विकास अवस्थी, सचिव संजय सिंह राठौर, डॉ. गायत्री राजपूत, डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. अनिल तिवारी, राजेश पंडा, राजेश शुक्ला, कुणाल सिंह, कमलेश शर्मा, रामदीन प्रजापति, प्रशांत सोनी, दिनेश लोहनी शिशिर सराठे आदि उपस्थित रहें।

### एम्स भोपाल के डॉ. अभिषेक सिंघई को मिली एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी की प्रतिष्ठित फेलोशिप

**भोपाल।** एम्स भोपाल लगातार चिकित्सा शिक्षा, शोध और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। इसी क्रम में संस्थान के मेडिसिन विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सिंघई को प्रतिष्ठित फेलोशिप ऑफ एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एफएआईजी) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 7 जून 2026 को हैदराबाद में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। तेलंगाना स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के. रमेश रेड्डी ने डॉ. अभिषेक सिंघई को यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्रदान की।

## संक्षिप्त समाचार

### मलेरिया निरोधक माह के तहत जागरूकता रैली निकाली

**उज्जैन।** उज्जैन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया निरोधक माह का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एक आज सुबह जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली सीएमएचओ कार्यालय और चरक अस्पताल परिसर से शुरू होकर चामुंडा माता चौराहे तक निकाली गई। रैली के साथ ही मलेरिया जागरूकता रथ को भी रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाएगा, जहां लोगों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों से पंपलेट वितरण का भी सहयोग लिया जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए घरों और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने लोगों से मच्छरदानी का उपयोग करने, साफ-सफाई रखने और बुखार आने पर तत्काल चिकित्सकीय जांच कराने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उज्जैन शहर में पिछले पांच महीनों से मलेरिया का एक भी मरीज सामने नहीं आया है।

### उज्जैन में मई में रिकॉर्ड 6 करोड़ यूनिट बिजली खपत

**उज्जैन।** उज्जैन में इस बार की भीषण गर्मी ने बिजली खपत के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मई माह में शहर और जिले में बिजली की खपत 6 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में एक करोड़ यूनिट अधिक है। लगभग 10 लाख पंखे, 3 लाख कूलर और 1 लाख एयर कंडीशनर (एसी) ने बिजली व्यवस्था पर भारी दबाव डाला है। बिजली विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 में लगभग 5 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई थी। वहीं, मई 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 6 करोड़ यूनिट हो गया। इस प्रकार, एक साल में बिजली के उपयोग में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बिजली विभाग के मुख्य अभियंता सुरेश शर्मा ने बताया कि मई माह में शहर की अधिकतम बिजली मांग भी बढ़कर लगभग 127 मेगावाट तक पहुंच गई। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा करीब 117 मेगावाट था, यानी एक साल में बिजली की मांग में लगभग 10 मेगावाट का इजाफा हुआ है।

### खंडवा-बुरहानपुर हाईवे पर बस से भिड़ी आयशर गाड़ी

**खंडवा।** खंडवा-बुरहानपुर नेशनल हाईवे पर झिरी गांव के पास सोमवार को एक ट्रक ने यात्री बस को टक्कर मार दी। हादसे में बस के आगे के कांच टूट गए, एक हिस्से से वह पिचक गई। वहीं लहसुन के कट्टों से खचाखच भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। इस दौरान लोग अपनी जान बचाने के लिए जल्दबाजी में बस से बाहर निकलने लगे। इधर, दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। मिली जानकारी के अनुसार आर्या ट्रेवल्स की यात्री बस खंडवा से बुरहानपुर की ओर जा रही थी, तभी हाईवे पर सामने से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में कई यात्रियों को चोटें आई हैं, हालांकि घायलों की आधिकारिक संख्या की पुष्टि नहीं हो सकी थी।

### हाईवा ने स्कूटी सवार को कुचला, मांस के लोथड़े बिखरे

**जबलपुर।** जबलपुर में रविवार (7 जून) देर रात तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार को कुचल दिया। स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान स्कूटी हाईवा के नीचे फंस गई। करीब 50 मीटर तक घिसटने से स्कूटी और हाईवा के निचले हिस्से में आग लग गई। लाश की हालत ऐसी थी कि मांस के लोथड़े सड़क पर बिखरे रहे। घटना माढ़ोताल थाना क्षेत्र के खजरी खिरिया बाईपास की है। जानकारी के मुताबिक रात करीब 2 बजे स्कूटी सवार युवक बायपास से जबलपुर की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे हाईवा ने टक्कर मार दी। इसके बाद आग लग गई, जिसे फायर ब्रिगेड ने काबू किया।

### कुएं में कूदे युवक की इलाज के दौरान मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के जनकताल इलाके में सोमवार सुबह एक 30 वर्षीय युवक ने पारिवारिक कलह के चलते कुएं में छलांग लगा दी। आपदा प्रबंधन (स्ष्ठक्रस्न) की टीम ने उसे कुएं से बाहर निकाला, लेकिन गंभीर चोटों और अत्यधिक नशे के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जनकताल निवासी अतुल कुशवाह (30 वर्ष), पुत्र मंगल सिंह कुशवाह के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार, अतुल अपनी पत्नी के मायके चले जाने और शराब के नशे के कारण दुखी था, जिसके चलते घर में अक्सर कलह होती थी।

---

एपीके फाइल भेजकर क्लिक करने को कहा, क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा दिया

# कस्टमर केयर अधिकारी बनकर 5.42 लाख की ऑनलाइन ठगी, दो को बनाया निशाना

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर में कस्टमर केयर अधिकारी बनकर और एसबीआई क्रेडिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर दो लोगों से 5 लाख 42 हजार 496 रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों मामलों में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों मामलों में साइबर ठगों की तलाश कर रही है।

पहला मामला थाटीपुर थाना पुलिस क्षेत्र की अशोक कॉलोनी का है। यहां रहने वाले 38 वर्षीय सतीश माहौर को एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को कस्टमर केयर कर्मचारी बताकर फोन किया। आरोपी ने उनके मोबाइल पर एक एपीके (क्क्र) फाइल भेजी और उसे क्लिक करने के लिए कहा।

**क्रेडिट कार्ड चालू रखने के लिए भुगतान करने को कहा:** जैसे ही सतीश माहौर ने फाइल ओपन की, साइबर ठगों ने उनके बैंक खातों तक पहुंच बना ली। इसके बाद अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए उनके खाते से 4 लाख 10 हजार 49 रुपए निकाल लिए गए। यह ठगी 10 फरवरी से 11 फरवरी 2026 के बीच हुई। पुलिस ने जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया है।




दूसरा मामला कम्पू थाना पुलिस क्षेत्र की किरार कॉलोनी से सामने आया है। यहां रहने वाले 48 वर्षीय अनिल गुप्ता को 23 मई 2026 की दोपहर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका क्रेडिट कार्ड जल्द बंद होने वाला है और उसे चालू रखने के लिए भुगतान करना होगा।

**दो बार में 1.32 लाख निकाले:** ठग ने अनिल गुप्ता को एक लिंक भेजकर 52 हजार 964 रुपए जमा करने को कहा। अनिल ने भरोसा कर लिंक के माध्यम से भुगतान कर दिया। कुछ देर बाद उनके क्रेडिट कार्ड से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 39 हजार 964 रुपए और 92 हजार 463 रुपए निकाल लिए गए। इस तरह उनके खाते से 1 लाख 32 हजार 447 रुपए की ठगी हो गई। ठगी का अहसास होने पर अनिल गुप्ता ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला कम्पू थाने भेजा गया है।

### लड्डू गोपाल की मूर्ति चुरा रहा चोर स्टूल से गिरा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में चोरी करने आए एक शातिर बदमाश को उस समय पकड़ लिया गया, जब वह स्टूल से गिरकर घायल हो गया। गिरने की तेज आवाज सुनकर मकान मालिक जाग गए और उन्होंने चोर को मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी पर पहले से 25 से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं। यह घटना सिरोल थाना क्षेत्र की हुरावली कॉलोनी में रविवार को हुई। आरोपी आशीष जाटव उर्फ मोटा ने वकील सिंह यादव के घर का मुख्य गेट का ताला तोड़ा और अंदर घुस गया। उसने पूजा कक्ष और बैठक में रखे दो लॉकर तोड़ दिए। लॉकर से 7 हजार रुपए नकद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और मंदिर में रखी लड्डू गोपाल की मूर्ति एक बैग में रख ली। इसके बाद आशीष अलमारी के ऊपर रखा सामान निकालने के लिए स्टूल पर चढ़ा। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह स्टूल समेत नीचे गिर पड़ा। गिरने की तेज आवाज से पहली मंजिल पर सो रहे मकान मालिक वकील सिंह यादव की नींद खुल गई। वह तुरंत नीचे पहुंचे और कमरे में एक युवक को जमीन पर गिरा देखा, जिसके कंधे पर लाल रंग का पिट्ठू बैग टंगा था। वकील सिंह यादव ने शोर मचाकर परिवार और पड़ोसियों को बुलाया। सबने मिलकर चोर को पकड़ लिया।

---

सागर में बोरियों में गेहूं के साथ भरी मिली मिट्टी

# ट्रक में लादकर लाए अमानक गेहूं की 600 बोरियां, सुपरवाइजर ने खेप वापस लौटाई



सागर ■ निसं

सागर के गंभीरिया स्थित श्री देव प्रभा वेयर हाउस में मिट्टी मिला अमानक गेहूं पहुंचने का मामला सामने आया है। ट्रक में करीब 600 बोरियां भरकर गेहूं वेयर हाउस लाया गया था। सोमवार को जांच में बोरियों में लगभग 10 प्रतिशत गेहूं और 90 प्रतिशत मिट्टी पाए जाने का दावा किया गया है। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जांच के आदेश दिए हैं।

**संदेह होने पर की गई जांच:** जानकारी के अनुसार, गंभीरिया के लक्ष्मी नगर स्थित श्री देव प्रभा वेयर हाउस को वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन की सांईखेड़ा ब्रांच ने करीब एक माह पहले अधिग्रहित किया था। यहां विभिन्न उपार्जन केंद्रों से गेहूं लाकर संग्रहित किया जा रहा है।

इसी दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 15 जेडआर 9190 करीब 600 बोरियां लेकर वेयर हाउस पहुंचा। मजदूर बोरियां उतारकर गोदाम में रख रहे थे। तभी वेयर हाउस की देखरेख कर रहे एक कर्मचारी को गेहूं की गुणवत्ता पर संदेह हुआ। उसने बोरियों की जांच की तो उनमें गेहूं की जगह बड़ी मात्रा में मिट्टी भरी मिली।

**सुपरवाइजर ने लौटाया गेहूं:** बोरियों में अमानक और मिलावटी गेहूं मिलने पर सुपरवाइजर ने खेप को वापस लौटा दिया। मामले की जानकारी प्रशासन को दी गई, जिसके बाद कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जांच के निर्देश दिए।

सोमवार को प्रशासन और खाद्य विभाग की टीम वेयर हाउस पहुंची। टीम ने गेहूं की गुणवत्ता, उसकी खरीद, परिवहन और स्रोत से संबंधित जानकारी जुटाना शुरू किया। साथ ही स्थानीय स्टाफ से भी पूछताछ की गई।

जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि गेहूं कहां से लाया गया, किसके द्वारा खरीदा गया और उसकी वास्तविक गुणवत्ता क्या है। मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

---

माझी संघर्ष मोर्चा में बड़ा दायित्व

# रजनी सिंह कश्यप बनीं महिला प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश

बुधनी/भोपाल ■ निसं

कहार महासंघ राष्ट्रीय सामाजिक संगठन एवं माझी संघर्ष मोर्चा द्वारा समाज के संगठनात्मक विस्तार और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रजनी सिंह कश्यप को महिला प्रदेश अध्यक्ष (मध्य प्रदेश) पद पर नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश कहार एवं राष्ट्रीय महासचिव सह प्रभारी अजय रायकवार की अनुशंसा पर की गई है। संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि रजनी सिंह कश्यप अपने नेतृत्व, कार्यकुशलता एवं सामाजिक अनुभव के बल पर समाज को नई दिशा प्रदान करेंगी तथा महिलाओं को संगठन से जोड़कर सामाजिक उत्थान के कार्यों को गति देंगी।



संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, शिक्षा, जागरूकता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारों के प्रति लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। रजनी सिंह कश्यप लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं और विभिन्न जनहितकारी कार्यों में उनका योगदान सराहनीय रहा है।

मनोनयन की घोषणा के बाद समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन मध्य प्रदेश में और अधिक मजबूत होगा तथा समाजहित के कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी।

इस अवसर पर अजय रायकवार ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। रजनी सिंह कश्यप की नियुक्ति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाजजनों ने रजनी सिंह कश्यप को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

---

सीहोर में संविदा स्वास्थ्यकर्मियों का विरोध प्रदर्शन

# भैंस के आगे बीन बजाकर सरकार को जगाया, 7 दिन से हड़ताल पर बैठे

सीहोर ■ निसं

सीहोर में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर सड़क पर बैठे कर्मचारियों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने 'भैंस के आगे बीन बजाना' मुहावरे को जीवंत करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने इस प्रदर्शन में भैंस को मध्य प्रदेश शासन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का प्रतीक बताया। कर्मचारियों ने भैंस के सामने बीन बजाकर अपनी मांगों की अनदेखी का विरोध किया।

कर्मचारियों का आरोप है कि वे अपनी मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन दे रहे हैं और शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रही है।



इस आंदोलन के कारण पिछले सात दिनों से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसी क्रम में, आगामी 11 जून को प्रदेश भर के संविदा स्वास्थ्य कर्मी भोपाल कूच करेंगे। वे राजधानी में मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर अपनी मांगों पर सरकार से जवाब मांगेंगे।

---

# वन्यजीव तेन्दूआ (शावक) मादा का रेस्क्यू

बड़वानी ■ निसं

वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल बडवानी वनमण्डल (सा.) से प्राप्त जानकारी अनुसार बडवानी जिले के अन्तर्गत वनपरिक्षेत्र राजपुर की बीट अंजड के राजस्व ग्राम गोलाटा में श्री शंकर केवट के खेत में 8 जून को एक वन्यजीव तेन्दुआ (शावक) की उपस्थिति की सचूना प्राप्त होने पर संबंधित वन आमला मौका स्थल ग्राम गोलाटा तहसील अंजड जिला बडवानी में उपस्थित होकर एक मादा तेन्दूआ शावक जिसकी उम्र लगभग 01 माह का पाया गया। मौके पर रहकर तेन्दूआ शावक पर नजर रखी गई एवं उसकी माँ के आने का इन्तजार किया गया। यह पाया गया की तेन्दूआ शावक बहुत कमजोर व चलने फिरने में असमर्थ है। वन्जीव तेन्दूआ शावक का वनमण्डल स्तरीय रेस्क्यू दल द्वारा रेस्क्यू कर वनमण्डल के ईको सेन्टर केम्पस में पशु चिकित्सक से जांच कराई गई। पशु चिकित्सक द्वारा वन्यजीव तेन्दूआ शावक को भोजन एवं पानी की कमी होना बताया गया है तथा तेन्दूआ शावक की हालत स्थिर होना बताया गया। तेन्दूआ शावक का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराने के बाद उसकी माँ से मिलाने का प्रयत्न किया जा रहा है।



---

डबरा में कंटेनर ने कुचले मां-बेटे के सिर, मौत

# दतिया से ग्वालियर इलाज कराने जा रहे थे, चालक फरार

डबरा ■ निसं

डबरा-ग्वालियर हाईवे पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। कंटेनर का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। वहीं कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

मृतक दतिया जिले की बड़ौनी तहसील के ग्राम बिलहारी निवासी राकेश नामदेव (47 वर्ष) और उनकी मां भगवती नामदेव थीं। राकेश अपनी मां को इलाज के लिए दतिया से ग्वालियर ले जा रहे थे।

**समुदन गांव के पास हुई दुर्घटना:** उनकी साइन बाइक (क्रमांक एमपी 32 एमडी 7212) जैसे ही डबरा-ग्वालियर हाईवे पर समुदन गांव के पास पहुंची, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर का पहिया मां-बेटे के सिर पर चढ़ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर डबरा सिटी पुलिस और हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

### फरार चालक की तलाश जारी

इस संबंध में डबरा एसडीओपी सौरभ कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से मां-बेटे की मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और ट्रक को जब्त कर लिया गया है। मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं फरार चालक की भी तलाश जारी है।

---

औदीच्य महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर मंथन

# सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज ने महासभा सदस्यता अभियान की राशि राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपी

### विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिनिधियों ने रखे विचार

खरगोन ■ निसं

अखिल भारतीय औदीच्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को औदीच्य भवन स्थित पं. राजेश्वर जोशी सभागृह में राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में देश के विभिन्न प्रांतों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और महासभा के प्रशासनिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. रवि ठक्कर ने हरिद्वार में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की पुष्टि, वर्ष 2026 के आजीवन एवं विशेष संरक्षक सदस्य बनाने की प्रगति तथा महासभा में नियमानुसार प्रभार एवं पदभार हस्तांतरण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रस्तुत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी ने कहा कि महासभा को और अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने के लिए सभी प्रांतों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सदस्यता विस्तार एवं समाजहित के कार्यों को गति देने का आह्वान किया। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन अवस्थी ने युवाओं को समाज एवं संगठन से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। बैठक में खरगोन से अनिल ठक्कर,कुलदीप ठक्कर, नीरज ठक्कर एवं जयंत ठक्कर उपस्थित रहे। इस दौरान सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज खरगोन से अभा महासभा के सदस्यता अभियान से प्राप्त हुई राशि 50600/= रूपए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री को सौंपी गई। अपने उद्बोधन में नीरज ठक्कर ने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता और संगठन में निहित होती है। सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक परिवार को संगठन से जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रबुद्धजनों की सहभागिता से महासभा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।बैठक में उपस्थित सभी प्रांतों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की गतिविधियों एवं सुझावों से अवगत कराया।इस अवसर पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता अरुण उपाध्याय इंदौर, महासचिव श्रीमती राधा त्रिवेदी रतलाम को बनाया गया। अंत में समाजहित एवं संगठन के विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।




---

# खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही



बड़वानी ■ निसं

खनिज विभाग द्वारा 08 जून को पाटी क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन/परिवहन की आकस्मिक जाँच की गई। जाँच के समय 5 ट्रैक्टर ट्रॉली खनिज रेत का अवैध उत्खनन /परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर पाटी थाने की सुरक्षा में खड़े किये गये। उक्त प्रकरणों में मध्य प्रदेश खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। अवैध खनिज उत्खनन/परिवहन करने वाले के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जायेगी।

## अनमोल वचन

प्रत्येक शिशु एक संदेश लेकर आता है कि भगवान मनुष्य को लेकर हतोत्साहित नहीं है।
**रविन्द्रनाथ टैगोर**

पुरुष की सिगरेट से लेकर टायर तक में वह दख़ल देती है।
**हरिशंकर परसाई**

## सम्पादकीय

### कॉकरोच का जंतर मंतर में प्रदर्शन अरुण जेटली और सीजेआई संयोग?

*संसद में जब विपक्षी दल सरकार पर नोटबंदी को लेकर विरोध जता रहे थे उस समय पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था जनता को यदि परेशानी होती तो वह सड़कों पर होती। जनता को नोटबंदी से कोई परेशानी नहीं है, विपक्षियों को नुकसान हुआ है इसलिए वह विरोध जता रहे हैं। कुछ समय पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी ने बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की पहचान से नवाजा था। इसके विरोध में सारे युवा एकजुट हो रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा, रोजगार, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पा रही है। स्नातक और पर परास्नातक की डिग्री लेने के बाद भी युवा बेरोजगार होकर यहां से वहां घूम रहे हैं। नीट जैसी परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। हर परीक्षा में धांधली हो रही है। ऐसी स्थिति में युवाओं के बारे में जो टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने की उसने युवा कॉकरोच को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है। रही सही कसर नीट परीक्षा का पेपर लीक होना तथा सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में जिस तरह की गड़बड़ी हुई है उसमें जो भ्रष्टाचार हुआ है उसको लेकर लाखों छात्र और उनके परिवारजन सड़कों पर आने के लिए विवश हुए हैं।6 जून काकरोचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित होने जा रहा है। जब अमेरिका से आकर दीपक अभीजीते के नेतृत्व में हजारों लोगों की भीड़ जंतर मंतर पर पहुंच गई। यह भीड़ अपनी लड़ाई अब स्वंय लड़ने के लिए देश भर में इकट्ठी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से सरकार असंवेदनशील होती चली जा रही है। जन आंदोलनो को सख्ती के साथ दबाया जा रहा है। किसान आंदोलन से लेकर अभी तक जितने भी आंदोलन हुए हैं, सरकार ने आंदोलनो को दबाने के लिए पुलिस का सहारा समय-समय पर लिया है। लाठी चार्ज, वाटर कैनिंग, आंसू गैस के गोले इत्यादि का प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया जाता है, लेकिन उनके द्वारा जिन समस्याओं को लेकर आंदोलन किए जा रहे थे उन पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कोई निर्णय नहीं लेती हैं। अब पानी सर के ऊपर से गुजर चुका है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाजारवाद, कर्ज ऐसे मामले हो गए हैं जिनसे सबसे ज्यादा परेशान युवा वर्ग है। पढ़ाई करने के बाद भी उसे कोई रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। जो प्रतियोगी अथवा चयन के लिए परीक्षाएं हो रही हैं उन सब में पेपर लीक हो रहे हैं। पिछले दरवाजे से नौकरियां दी जा रही हैं। सारी व्यवस्था सत्ता में बैठे हुए लोगों के हाथ में केंद्रित हो गई है। करोड़ों युवा यहां से वहाँ भाग रहे हैं। ना तो उन्हें कोई काम मिल रहा है ना सरकारी नौकरी मिल रही है और ना ही संविदा नौकरी ही मिल रही है, उल्टे हर परीक्षा के नाम पर बेरोजगारों को लूटा जा रहा है। इससे अब युवा वर्ग नाराज होकर सड़कों पर आ गया है। शासन-प्रशासन और न्यायालय से वह पूरी तरह से निराश हो चुका है। शासन-प्रशासन और न्यायालय, सरकार और पूंजीपतियों के दबाव में काम कर रही हैं, जिसके कारण युवा वर्ग इस समय आक्रोशित है। रही सही कसर चुनाव आयोग ने पूरी कर दी। एसआईआर को लेकर जिस तरह से युवा मतदाताओं को परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा है, उन्हें अब यह भी शक होने लगा है कि वह भारत के नागरिक हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में अब उसका सड़कों पर उतरना तथा अपने जीवन की आर- पार की लड़ाई लड़ने का जैसे उसे एक लक्ष्य मिल गया है। युवा जिस तरह से आक्रोशित हैं उनका आक्रोश जायज है। जब वह परिवार में जाते हैं तो मां-बाप और परिवारजन उनकी बेरोजगारी को लेकर ताना कसते हैं।30-35 साल की उम्र हो जाने के बाद भी उनकी शादी नहीं हो पा रही है। शादी नहीं होने का कारण बेरोजगारी है। सरकारी पद करोड़ों की संख्या में खाली पड़े हुए हैं। लोग सेवानिवृत होते जा रहे हैं। सरकारी पदों पर लगातार कटौती की जा रही है। कानून बदल दिए गए हैं। अब ठेके पर संविदा नौकरी दी जा रही है उसमें अधिकतम 12000 से ?20000 तक मिल रहे हैं। यह नौकरी कभी भी छूट जाती है, जिसके कारण लड़के और लड़कियां शादी के बंधन में बंधना नहीं चाहते हैं। जब इतनी सारी समस्या हो तब केंद्र सरकार, राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट जैसे सबसे ऊंचे पद पर बैठे हुए लोग युवाओं की अनदेखी करें ऐसी स्थिति में युवाओं को सड़कों पर उतरने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना होगा। ऐसा क्यों हो रहा है, भारत सबसे बड़ा युवा आबादी वाला देश है। चीन जैसा देश जो कभी आबादी में सबसे बड़ा होता था उसने पिछले 30 वर्षों में जो विकास किया है उसने सारी दुनिया को चौंका दिया है। आज चीन निर्माण, रिसर्च और तकनीकी के क्षेत्र में सबसे आगे है और वह एक महाशक्ति बनने की कगार पर आकर खड़ा हो गया है। जिस तरह से चीन अमेरिका और रूस के मुकाबले आर्थिक और सामरिक संसाधनों से युक्त होते हुए उनके सामने खड़ा है। यह चीन की बड़ी सफलता है, लेकिन भारत इन्हीं 30 वर्षों में किस तरीके से चीन के ऊपर निर्भर होता चला गया है, हमने अपनी युवा पीढ़ी को सही दिशा देने में निश्चित रूप से कोई कोताही बरती है जिसके कारण पिछले 30 वर्षों में चीन के मुकाबले भारत तेजी के साथ बिछड़ना जा रहा है और आज हमारी सबसे बड़ी शक्ति जो युवा पीढ़ी के रूप में हमारे साथ है। वह आज सरकार, शासन-प्रशासन और पूंजीवाद के विरोध में सड़कों पर आने के लिए विवश हो गई है। सरकार इस गंभीर मामले को हल्के मे ले रही है।*

## चिंतन-मनन

### हर मनुष्य के जीवन हैं दुख

एक बार भगवान बुद्ध से किसी भिक्षु ने पूछा-भगवान! ईश्वर है या नहीं है? बुद्ध ने इसका सीधा उत्तर न देकर प्रश्नकर्ता भिक्षु से कहा-मनुष्य की समस्या ईश्वर के होने या न होने की नहीं है। मनुष्य की मुख्य समस्या है उसके जीवन में आने वाले दुखों की। भगवान बुद्ध ने अपने कथन को स्पष्ट करते हुए तब कहा कि तुम स्वयं देखो। जन्म दुख है, जीवन दुखों का समूह है। जिसे वृद्धावस्था कहते हैं वह दुख है और मरण दुख है। इस रूप में मनुष्य का जन्म, वृद्धावस्था और मरण सभी दुख स्वरूप ही हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जो चाहता है वह उसे कभी नहीं मिलता। यह उसके जीवन का दुख है। जिसे वह कभी नहीं चाहता वह उसे अवश्य मिलता है-यह इसका दुख है। अपने परम प्रिय का वियोग इसके जीवन का दुख है और जो अप्रिय है, उसका संयोग इसके जीवन का परम दुख है। उस प्रश्नकर्ता भिक्षु को संबोधित करते हुए भगवान ने कहा कि भिक्षु! अधिक विस्तार में न जाकर तुम संक्षेप में इतना ही जानो कि रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान ये सभी के सभी दुख स्वरूप ही हैं। रूप यानी जो संसार में दिख रहा है, यह रूप है और दुखात्मक है। वेदना यानी अनुभूति, दुख की अनुभूति दुखात्मक है। तथाकथित सुखात्मक अनुभूति भी अंततः दुख ही देती है। संज्ञा अर्थात् नाम। यह भी अच्छे, बुरे, स्मरणीय और अविस्मरणीय के रूप में दुखात्मक है। संस्कार, जो पिछले अनेक जन्मों से चला आ रहा है, वर्तमान जन्म में हमारी आदत के रूप में दुख देता है। विज्ञान यहां आशय यानी विशेष ज्ञान, जो अहंकार आदि के रूप में प्रकट होकर हमारे दुख का कारण बनता है। इसलिए उन्होंने कहा कि भिक्षु! मनुष्य की समस्या ईश्वर के अस्तित्व या अनस्तित्व की नहीं है, उसकी समस्या है, उसके जीवन में व्याप्त दुखों की और इसका उपाय जानने के लिए मार्ग है, जीवन में प्राप्त होने वाले दुखों को सत्य रूप में देखना। यानी अपने अज्ञान को ज्ञान से नष्ट करने का प्रयास करना। यही दुख-निवृत्ति का सहज, सरल और सार्वकालिक मार्ग है। इसी मार्ग पर चलकर हमारी ऋषि-परंपरा के दार्शनिकों ने दुख-निवृत्ति का मार्ग पाया है। भौतिक वस्तुओं के पीछे भागने से आनंद की प्राप्ति नहीं होगी, यह परम सत्य है। भौतिक पदार्थो से अंत में दुख ही मिलता है। इस सत्य को जानकर व्यक्ति दुखों से निवृत्त हो जाता है।

## पीएमएसएमए का एक दशक

# मातृ स्वास्थ्य का कायाकल्प और सुरक्षित मातृत्व की ओर भारत की यात्रा का गतिवर्द्धन



**जगत प्रकाश नड्डा**

*पिछले दशक में देश में मातृत्व से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय कमी आई है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। इस प्रगति का आधार मातृत्व स्वास्थ्य में निरंतर निवेश, सेवा डिलीवरी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक भागीदारी है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता रखी है कि हर महिला को उसकी समूची गर्भावस्था के दौरान गुणवत्तापूर्ण देखभाल मिल सके।*

हर सुरक्षित गर्भ राष्ट्र की अपनी महिलाओं के लिए प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। हमारे देश के हर साल लगभग 2.9 करोड़ गर्भधारण होते हैं। इस बड़े पैमाने पर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए मजबूत स्वास्थ्य तंत्रों, निरंतर राजनीतिक प्रतिबद्धता, समय पर हस्तक्षेप और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक न्यायसंगत पहुंच की जरूरत है। इस कायाकल्प के केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) है। यह अभियान पिछले 10 वर्षों से देश भर में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दे रहा है। पीएमएसएमए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की कल्पना है जिसे 9 जून 2016 को शुरू किया गया था। यह सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भ की दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान हर महीने के नौवें दिन मुफ्त सुनिश्चित, समग्र और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएं मुहैया कराने का राष्ट्रव्यापी अभियान है। यहां हर माह के नौवें दिन के चयन का एक गहरा महत्व है। गर्भावस्था नौ बेशकीमती महीनों की यात्रा है। इनमें से हर माह नई उम्मीद, अनुमान और जिम्मेदारी लेकर आता है। हर महीने का नौवां दिन मातृ स्वास्थ्य को समर्पित कर पीएमएसएमए यह याद दिलाता है कि प्रत्येक गर्भावस्था स्वस्थ शिशु के सुरक्षित आगमन तक सभी नौ महीनों में निरंतर देखभाल, निगरानी और सहायता की हकदार है।

मातृ स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि कोई भी गर्भावस्था जोखिम से पूरी तरह मुक्त नहीं होती। आज सामान्य दिखाई देने वाली गर्भावस्था में कल गंभीर जटिलताएं विकसित हो सकती हैं। पीएमएसएमए में यह स्वीकार किया गया है कि कोई भी गर्भावस्था बिना किसी चेतावनी के उच्च जोखिम वाली बन जा सकती है। लिहाजा, इस अभियान में जोखिमों की जल्दी पहचान कर उनकी नजदीकी निगरानी तथा समय पर निर्देशन और प्रबंधन सुनिश्चित करने का सरल लेकिन परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाया गया है। उच्च जोखिम वाली हर चिह्नित गर्भावस्था माता की जान बचाने तथा समयपूर्व प्रसव, शिशु में जटिलताओं या जीवन पर्यंत विकलांगता को रोकने का एक अवसर है। इस अभियान में जटिलताओं के उपचार के बजाय उनकी रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस तरह इसने भारत के मातृ स्वास्थ्य देखभाल तंत्र को मजबूत कर करोड़ों महिलाओं के लिए गर्भावस्था को सुरक्षित बनाया है। पीएमएसएमए की प्रमुख विशेषताओं में से एक निर्धारित दिन को संस्थागत रूप देकर विशेषज्ञ के नेतृत्व में प्रसवपूर्व सेवा सुनिश्चित करना है। इससे देश भर में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में अनुमानेयता, जवाबदेही और निरंतरता आई है। इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की लगभग 25 उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था स्थितियों के लिए जांच की जाती है। इनमें खून की गंभीर कमी, उच्च रक्तचाप, गर्भकालीन मधुमेह, संक्रमण और अन्य ऐसी जटिलताओं की जांच शामिल है जिनके पता नहीं चलने पर माता और शिशु का जीवन जोखिम में पड़ सकता है।

चूंकि इस बात के साक्ष्य सामने आए कि गर्भधारण के ज्यादा जोखिम वाले मामलों में पीएमएसएमए के तहत किसी विशेषज्ञ/चिकित्सक द्वारा नियमित प्रसव पूर्व जांच के बाद भी निरंतर निगरानी की आवश्यकता होती है, इसलिए भारत सरकार ने 2022 में 'विस्तारित पीएमएसएमए' (इ-पीएमएसएमए) की शुरुआत करके इस कार्यक्रम को और अधिक बेहतर बनाया है।

ई-पीएमएसएमए के तहत, ज़्यादा जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को नियमित पीएमएसएमए जाँच के अलावा अतिरिक्त चिकित्सीय सलाह (फ़ॉलो-अप विज़िट) की सुविधा भी मिलती हैं, ताकि सुरक्षित डिलीवरी तक समय पर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। इस पहल के अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भधारण की नाम-आधारित ट्रैकिंग शुरू की गई है और प्रसव के बाद 45 दिन तक फॉलो-अप परामर्श के लिए इसे बेहतर किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कमज़ोर स्थिति वाली महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के तुरंत बाद की कुछ अवधि के दौरान निरंतर देखभाल मिलती रहे। अतिरिक्त जांच के लिए ज्यादा जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के साथ जाने वाली मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा कार्यकर्ता) के लिए प्रोत्साहन राशि के प्रावधान ने रेफरल के नियमों और निरंतर देखभाल को और अधिक सुदृढ़ किया है। कार्यान्वयन, निगरानी और जवाबदेही को और अधिक बेहतर करने के लिए, भारत सरकार ने एक केंद्रीकृत पीएमएसएमए डिजिटल पोर्टल विकसित किया है, जो देश भर में कार्यक्रम प्रबंधन के मुख्य आधार के तौर पर काम करता है।

यह पोर्टल सेवा वितरण की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग, उच्च जोखिम वाली गर्भधारण की नाम-आधारित ट्रैकिंग, कार्यक्रम के प्रदर्शन की निगरानी और राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों और सामुदायिक स्वयंसेवकों को भी कार्यक्रम में योगदान देने की सुविधा देता है जिससे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'जन भागीदारी' के दृष्टिकोण को और मजबूती मिलती है, यही पीएमएसएमए की मूल भावना है। पीएमएसएमए की सफलता भारत के मातृ स्वास्थ्य तंत्र में विभिन्न योजनाओं के आपसी समन्वय के महत्व को भी रेखांकित करती है। जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन), राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस), पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), आयुष्मान भारत और मिडवाइफ सेवाएं, प्रसवोत्तर देखभाल का अनुकूलन (ओपीएनसी) जैसी पहलों के साथ मिलकर काम करते हुए, पीएमएसएमए ने गर्भावस्था, प्रसव और प्रसव के बाद की अवधि के दौरान भी महिलाओं के लिए निरंतर देखभाल के एक मजबूत ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस परिवर्तन के केंद्र में भारत के अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ता जैसे की मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा कार्यकर्त्ता), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, नर्स, मिडवाइफ और चिकित्सा अधिकारी हैं। सामुदायिक भागीदारी, परामर्श (काउंसलिंग), जांच, रेफरल और फॉलो-अप परामर्श में उनके अथक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि मातृ स्वास्थ्य सेवाएं देश के सबसे दूरदराज और वंचित क्षेत्रों की महिलाओं तक भी पहुंच सकें। इन सामूहिक प्रयासों का प्रभाव राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिणामों में तेजी से दिखाई दे रहा है। वर्ष 2022-24 के नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम) के अनुमानों के अनुसार, भारत का मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) घटकर प्रति 1,00,000 जीवित शिशुओं पर 87 हो गया है। यह देश को 2030 तक मातृ मृत्यु दर को प्रति लाख जीवित शिशुओं पर 70 से कम करने के संवहनीय विकास लक्ष्य को हासिल करने के काफ़ी करीब पहुँच गया है। ये सुधार माताओं की सेहत से जुड़े व्यापक पैमानों में भी दिखाई देते हैं। हाल ही में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-6, 2023-24) की रिपोर्ट के अनुसार, संस्थागत प्रसव (संस्थानों/अस्पतालों में होने वाले प्रसव) की दर एनएफएचएस-5 (2019-21) के 88.6% से बढ़कर 90.6% हो गई है, जबकि प्रसव पूर्व देखभाल का दायरा एनएफएचएस-5 के 92.6% से सुधरकर एनएफएचएस-6 में 95.9% हो गया है।ये उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि पहले की तुलना में अब कहीं अधिक संख्या में महिलाएं आवश्यक मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रही हैं, जिससे जटिलताओं का जल्द पता लगाने और समय पर उचित उपचार के बहुमूल्य अवसर पैदा हो रहे हैं।

**लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री है**

# हिंसा के दुष्चक्र से बाहर निकलने के लिए भरोसे संवाद और न्याय की सबसे बड़ी जरूरत



**कांतिलाल मांडोत**

*मणिपुर की समस्या को केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा मानना पर्याप्त नहीं होगा। इसके पीछे ऐतिहासिक विवाद जातीय असुरक्षाएं राजनीतिक मतभेद और संसाधनों पर अधिकार को लेकर लंबे समय से चली आ रही प्रतिस्पर्धा भी शामिल है। राज्य में विभिन्न समुदायों के बीच संबंध समय के साथ जटिल होते गए हैं। जब भी कोई हिंसक घटना होती है तो उसका प्रभाव केवल प्रभावित परिवारों तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरे समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण पैदा हो जाता है। बच्चों की शिक्षा प्रभावित होती है।*

*पूर्वोत्तर भारत का सुंदर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य मणिपुर पिछले कई वर्षों से अशांति और हिंसा की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। एक बार फिर कांगपोकपी जिले में हुई दर्दनाक घटना ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर मणिपुर की आग कब बुझेगी। हथियारबंद हमलावरों द्वारा एक गांव पर किए गए हमले में चर्च से जुड़े तीन लोगों की हत्या कर दी गई जिनमें सात माह की गर्भवती महिला भी शामिल थी। कई लोग घायल हुए और अनेक घर जलकर राख हो गए। यह घटना केवल तीन व्यक्तियों की मृत्यु भर नहीं है बल्कि उस गहरे सामाजिक विभाजन और अविश्वास का प्रतीक है जिसने मणिपुर को लंबे समय से अपनी गिरफ्त में ले रखा है।*

*हाल की घटना ने एक बार फिर यह दिखाया है कि हिंसा का कोई धर्म जाति या समुदाय नहीं होता। गोली और आग केवल जान लेती है। वह यह नहीं देखती कि सामने कौन है और उसकी पहचान क्या है। जब एक गर्भवती महिला हिंसा का शिकार होती है तो उसके साथ एक अजन्मा जीवन भी समाप्त हो जाता है। यह किसी भी सभ्य समाज के लिए गहरी पीड़ा और आत्ममंथन का विषय होना चाहिए। ऐसे समय में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ जाती है। मणिपुर में लंबे समय से चल रहे संघर्ष ने दोनों प्रमुख समुदायों के बीच अविश्वास की ऐसी खाई पैदा कर दी है जिसे केवल सुरक्षा बलों की तैनाती से नहीं भरा जा सकता। सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है क्योंकि नागरिकों की रक्षा राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लेकिन स्थायी शांति केवल हथियारों के बल पर स्थापित नहीं की जा सकती। शांति तब आती है जब लोग एक दूसरे को दुश्मन नहीं बल्कि पड़ोसी और साथी नागरिक के रूप में देखने लगते हैं। इसके लिए संवाद और मेलमिलाप की प्रक्रिया को मजबूत करना होगा।*

*सरकार की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य और केंद्र दोनों सरकारों को मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करना होगा जिसमें सभी समुदाय अपनी बात खुलकर रख सकें और उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुना जाए। केवल राजनीतिक बयान पर्याप्त नहीं हैं। जमीनी स्तर पर विश्वास बहाली के ठोस प्रयास आवश्यक हैं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है उन्हें न्याय मिलना चाहिए। दोषियों की पहचान कर निष्पक्ष कार्रवाई की जानी चाहिए। जब लोगों को यह भरोसा होगा कि कानून सभी के लिए समान है तभी व्यवस्था में विश्वास लौटेगा।*

*हालांकि केवल सरकार के प्रयासों से समस्या का समाधान संभव नहीं है। समाज के विभिन्न वर्गों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। धार्मिक संगठन सामाजिक संस्थाएं बुद्धिजीवी युवा और स्थानीय नेतृत्व शांति की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। चर्च मंदिर और अन्य धार्मिक स्थल केवल पूजा के केंद्र नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाले मंच भी बन सकते हैं। यदि विभिन्न समुदायों के धार्मिक और सामाजिक नेता मिलकर शांति का संदेश दें तो उसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।*

*मणिपुर की वर्तमान स्थिति यह भी बताती है कि अफवाहें और नफरत फैलाने वाली सूचनाएं कितनी खतरनाक हो सकती हैं। डिजिटल युग में सोशल मीडिया के माध्यम से गलत जानकारी तेजी से फैलती है और लोगों की भावनाओं को भड़का सकती है। इसलिए जिम्मेदार संवाद और तथ्य आधारित जानकारी का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। मीडिया को भी अपनी भूमिका संतुलित और संवेदनशील ढंग से निभानी होगी ताकि तनाव कम हो और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचे।*

*युवाओं को हिंसा से दूर रखना भी समय की मांग है। संघर्ष और अशांति का सबसे अधिक प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ता है। यदि उन्हें शिक्षा रोजगार और सकारात्मक अवसर नहीं मिलेंगे तो वे निराशा और कट्टरता की ओर बढ़ सकते हैं। इसलिए विकास और शांति को एक दूसरे का पूरक मानते हुए आगे बढ़ना होगा। स्कूलों कॉलेजों और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव और आपसी सम्मान की भावना को बढ़ावा देना चाहिए।*

*मणिपुर का इतिहास केवल संघर्ष का इतिहास नहीं है। यह सांस्कृतिक विविधता परंपराओं और सहअस्तित्व की समृद्ध विरासत का भी इतिहास है। सदियों से विभिन्न समुदायों ने यहां साथ रहकर अपनी पहचान को विकसित किया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि उस साझा विरासत को याद किया जाए और उसे भविष्य की नींव बनाया जाए। विभाजन की राजनीति और हिंसा का रास्ता अंततः सभी को नुकसान पहुंचाता है जबकि संवाद और सहयोग सभी के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं।*

*कांगपोकपी की घटना ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। निर्दोष लोगों की हत्या और घरों का जलना केवल समाचार नहीं बल्कि उन परिवारों का असहनीय दर्द है जिनकी दुनिया एक पल में बदल गई। इस पीड़ा को समझना और उससे सीख लेना जरूरी है। यदि हर नई घटना के बाद केवल शोक व्यक्त किया जाए और फिर सब कुछ पहले जैसा चलता रहे तो समाधान कभी नहीं निकलेगा। मणिपुर की आग तब बुझेगी जब भय की जगह विश्वास लेगा। जब प्रतिशोध की जगह संवाद होगा। जब राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ सामाजिक सहभागिता भी जुड़ेगी। जब हर समुदाय यह महसूस करेगा कि उसकी सुरक्षा सम्मान और अधिकार सुरक्षित हैं। और सबसे महत्वपूर्ण तब जब इंसान की पहचान किसी जातीय या सामुदायिक खांचे से पहले एक नागरिक और एक मानव के रूप में की जाएगी। शांति कोई एक दिन में हासिल होने वाली उपलब्धि नहीं है। यह धैर्य समझदारी और निरंतर प्रयासों का परिणाम होती है। मणिपुर को आज इसी सामूहिक संकल्प की आवश्यकता है।*

## पढ़ाई हेतु मेहनत और लगन जरुरी

***संजय गोस्वामी***

*आज सी बी एस सी के बहुत से छात्रों के फेल होने पर खुद बच्चे पर नहीं सिस्टम पर दोष देना सही नहीं है क्योंकि मैं खुद ही एक छात्रों से मिला हूँ जो कुछ नम्बर से फेल हुए हैं एक गणित के प्रश्न पत्र पर 80 न का कुल अंक था मैंने पूछा कितना सॉल्व किये वो खुद इसको लेकर कंफ्यूज था बाद में बताया पेपर ठीक नहीं गया है और 20-25 न तक ही बना पाएं हैं और मार्क आया 18 कहाँ गलत है 5-10 परसेंट आगे पीछे होते हैं लेकिन ऐसा नहीं होगा कि आप 80 न का सही बनाए और 10-20 न मिला है तो हमें बताये कहाँ हुआ है क्योंकि मैं भी जानना चाहता हूँ कि सही में हकीकत क्या है आप कल्पना कीजियेगा जब मैं खुद मैट्रिक में गणित में बहुत अच्छा पढ़ने के बाद भी मेरा एग्जाम ठीक ही नहीं टेढ़े सवाल में उलझ गए बाद में समय निकला और अंत में पेपर ख़राब हुआ और जैसा मैंने सोचा था लगभग उतना ही आया पासिंग मार्क से कुछ ही ज्यादा जो सबसे अंतिम सब्जेक्ट हो गया मुझे इस बात का दु:ख हुआ कि जिस टीचर ने इतना मेहनत कर पढ़ाया और उसी के सामने मुँह दिखाने के लायक नहीं हूँ लेकिन एक दिन रास्ते में मिले और कहा तुम अच्छे स्टूडेंट हो और ऐ एक बैड लक हुआ लेकिन तुम आगे मैथ में अच्छा करोगे अभी तो पूरा कैरियर बाकि है अत: मैंने इंटर में साइंस में मैथ और सांख्यिकी दोनों लिया और एक से एक पुस्तक खरीदी और जहाँ पेपर का कटा छठा खाली पेपर मिलता था वहाँ से किलो के भाव में ख़रीदा और खुब प्रैक्टिस किया और जो 10 वीं में मैथ में खुब नम्बर लाये थे वो भी इंटर में मैथ लिया कुछ तो उसी लय में अच्छा किया कुछ इस गलतफहमी में रह गए की दसवीं में गणित में 100 में 99-100 मिला है तो इंटर में भी ऐसा ही होगा थोड़ा पढ़ते फिर ख़िताब बन्द कर देते और बाद में बुरे दोस्तों के मण्डली में गए और सिगरेट तम्बाकू और यहाँ तक जवानी के जोश में अवैध तरीके से कोने में घुसकर ब्लू फ़िल्म एक बार क्या देखा उसकी आदत लग गई और जब एग्जाम में बैठा तो पसीने छूटने लगे कभी आगे देखा कभी पीछे उधर इनविजलेटर बार बार चिल्ला रहा था बाद में मजिस्ट्रेट आया और उठा कर लें गया अत: परीक्षा 10 वीं आपको आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती है लेकिन इंटर आपका करियर बनाता है वही से शुरुआत होता है आपका भविष्य और एक बात हमेशा ध्यान देने की जरुरत है कि आज के समय में गणित पर पकड़ होना बहुत जरुरी है भले ही आप आर्टस लो क्योंकि आज ए आई और डाटा साइंस फाइनेंस में गणित ही काम आता है और ऐ भी ध्यान देना जरुरी है कि दसवीं का मैथ और इंटर का मैथ बिलकुल अलग है और मैथ ही एक ऐसा विषय है जो क़ोई भी टीचर अन्य विषयों जैसा नहीं पढ़ा सकता है ना ही रट्टा लगाकर पास कर सकते है इसमें मेहनत और संयम और काफी प्रैक्टिस की जरुरत होती है आज तो फिर भी प्रश्न पहले से कठिन नहीं रहते हैं पहले के दौर में इंटर साइंस मैथ में कम लोग पास करते थे उसके प्रश्न आज के प्रश्न से काफी कठिन होते थे नहीं होता है तो गूगल में देखिए 1975 के दौर का गणित और आज का गणित, उसमें ग्रेजुएशन लेवल के मैथ रहते थे आज बहुत से क्वेश्चन ऑब्जेक्टिव आते हैं जिसमें उतना मेहनत नहीं दिमाग़ दौड़ाकर ही हल कर सकते हैं खैर जब मुझे 10 वीं में मैथ में अच्छा स्टूडेंट होने के बाद एग्जाम में पासिंग मार्क के करीब आया तो धक्का लगा और खुब प्रैक्टिस की एक तरीके से नहीं दो तीन तरीके से बनाने की कोशिश की दिनभर यही सोचता आखिर बन क्यों नहीं रहा है फिर लग जाता सॉल्व करने में ऐ 1988 की बात है उस समय स्टेट बोर्ड था और सी बीएस सी भी लेकिन ज्यादा लोग स्टेट बोर्ड से ही करते क्योंकि उसमें फीस कम लगता था और लोग कॉलेज भी जाते थे खैर कॉलेज में भी जाना जरुरी होता है क्योंकि वहाँ जब टीचर क़ोई सवाल पूछता और फट सा उत्तर दे देते तो आपका हौसला बढ़ता था एक बार फिजिक्स के जाने माने टीचर ने एक सवाल पूछा और किसी से नहीं हुआ तो मैंने बना दिए थे तो वो बहुत खुश हुए और कॉफीडेन्स लेवल बढ़ा, और हमने तो एक साल में ही मैथ को इंटर में ही पूर्ण किया और फिर भी प्रैक्टिस करता रहा जब एग्जाम हुए।*

## खास बात

### राहुल गांधी की समुद्र में स्कूबा ड्राइविंग

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों ग्रेट निकोबार में जाकर स्कूबा ड्राइविंग कर उसका वीडियो रिलीज कर दिया है। गहरे नीले समुद्र में रंग बिरंगी कोरल रीफ और समुद्री जीवों की जो फोटोग्राफी उन्होंने की है। वह अद्भुत है। राहुल गांधी जो सोचते हैं वह करके दिखा देते हैं। उनका मुकाबला प्रधान मंत्री मोदी से है। यह मुकाबला किस ओर जाएगा, कहना मुश्किल है। राहुल गांधी निशाना अडानी पर साधते हैं, घायल प्रधानमंत्री मोदी होते हैं। यह अपने आप में अजूबा है।

### बुलडोजर तो चलेगा जुल्म की इंतेहा जो हुई

बुलडोजर कार्यवाही को लेकर देशभर में चर्चा आम हो चली है। फिलहाल संभल के कसेरवा गांव में मस्जिद पर हुई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक पिंकी यादव ने नाराजगी जताई है। बर्क ने तो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए यहां तक कह दिया, कि तमाम कानूनी प्रयासों और गुहार के बावजूद प्रशासन ने मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। यह तो जुल्म की इंतेहा हो गई। विधायक पिंकी यादव ने बुलडोजर कार्रवाई के जरिए एक विशेष समुदाय और पीडीए समाज को निशाना बनाए जाने की बात कही। वहीं कहने वाले कह रहे कि बुलडोजर तो चलेगा जुल्म इंतेहा जो हो गई है।

### ढिल्लो की नियुक्ति और डॉ. राजू का इस्तीफा

पंजाब भाजपा में संगठनात्मक बदलावों के बीच जैसे ही केवल सिंह ढिल्लों को पंजाब इकाई का नया अध्यक्ष बनाया गया वैसे ही दूसरी तरफ पार्टी को एक बड़ा झटका लग गया। दरअसल भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. जगमोहन सिंह राजू ने प्रदेश महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने संगठन मंत्री को इस संबंध में एक पत्र भेजा है। राजनीतिक हलकों में उनके इस्तीफे को पंजाब भाजपा में हाल ही में हुए नेतृत्व परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है। मतलब नियुक्ति और इस्तीफा के तार आपस में जुड़े हुए हैं?

### आनंद महिंद्रा की सराहनीय इच्छा

उत्तराखंड के नैनीताल की सड़कों पर जादू दिखाने वाले एक बाल कलाकार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिससे प्रभावित उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने उसकी न सिर्फ खुलकर प्रशंसा की बल्कि उसकी मदद करने की इच्छा भी जताई है। यही नहीं महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर बच्चे का वीडियो साझा किया, उसे असाधारण प्रतिभाशाली बताया और लोगों ने उसका पता लगाने को कहा, ताकि उचित मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो यह बच्चा भविष्य में दुनिया के श्रेष्ठ जादूगरों में शामिल हो सकता है।

## राशिफल

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, नवमी, मंगलवार, उ.मा. नक्षत्रे, आद्र योगे, तैतिल करणे, मीन की चंद्रमा, मूल प्रा. रात्रि आ. 4/33 सर्वार्थ सिद्ध योग, सूती स्नान मुर्हूत तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, जातकर्म, विद्याभूषण धनी होगा।

**मेष राशि**- भाग्योदय का अच्छा समय है, संतान से सुखयोग, बाधा दूर होगी।

**वृष राशि**- यात्रा में धन व्यय होगा, शरीर कष्ट प्राप्त होगा, मनोवृत्ति ठीक हो।

**मिथुन राशि**- व्यवसाय में लाभ अच्छा मिले, किसी मांगलिक उत्सव में समलित होंगे।

**कर्क राशि**- सोचे हुए कार्यों में विघ्न उत्पन्न होगा तथा मन में अशांति पैदा होगी।

**सिंह राशि**- धन का लाभ होगा, आनंद प्राप्त होगा, सुसमाचार, प्रयासों में सफलता मिले।

**कन्या राशि**- धन लाभ तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा, आगे बढ़ेंगे, ध्यान अवश्य ही रखें।

**तुला राशि**- अधिक परिश्रम से लाभ मिलेगा, शत्रुदल कष्ट कारक होंगे, ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि**- दामपत्य जीवन के मधुर संबंध का आनंद मिलेगा तथा संतान सुख होगा।

**धनु राशि**- विरोधियों से आप सतर्क रहें, मानसिक तनाव बन सकता है, समय का ध्यान रखें।

**मकर राशि**- यात्रा तथा संतान की ओर से विपरीत ब्योहार मिलेगा, समय का ध्यान रखें।


**कुंभ राशि**- मांगलिक उत्सव में उपस्थित होंगे, बुधवार-शुक्रवार को लाभ होगा।

**मीन राशि**- स्थिति में कुछ सुधार होगा, सप्ताह में स्वास्थ्य कुछ ठीक हो तो कुछ खराबी होगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**9 जून को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.43 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 07.56 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.12 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.24 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.35 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.50 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.06 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.57 बजे से |
| **राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक | | मीन | 00.30 बजे से |
| | | मेष | 02.01 बजे से |
| | | वृष | 03.41 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 160 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 02.35 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 09.40 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 08.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 15.06 बजे तदनन्तर गर 02.35 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872735
**जूलियन दिन** 2461200.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ **Jagrutidaur.com, Bangalore**

## सहेली के साथ रहने की जिद पर युवती से मारपीट




इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में दो युवतियों की दोस्ती और साथ रहने की इच्छा को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसकी सहेली के परिजनों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना रविवार देर रात की है।द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार स्वाति नामक युवती की शिकायत पर नितेश, उमेश, कृष्णा और नेहा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। स्वाति का कहना है कि उसकी एक युवती से पिछले पांच सालों से दोस्ती है और दोनों साथ रहना चाहती हैं।वैष्णो देवी यात्रा के बाद बढ़ा विवाद-शिकायत के मुताबिक दोनों युवतियां मार्च महीने में वैष्णो देवी, मथुरा, जम्मू-कश्मीर और हरिद्वार घूमने गई थीं। इसके बाद सहेली के पति और परिजनों को उनके रिश्ते पर आपत्ति होने लगी। आरोप है कि रविवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे सहेली के परिजन उसके घर पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया।

# भोजशाला के गर्भगृह में स्थापित हुई मां वाग्देवी की अष्टधातु प्रतिमा

### प्रतिमा रखने से मचा हड़कंप, ASI ने की त्वरित कार्रवाई; परिसर में बढ़ी चौकसी

धार ■ निसं

धार जिले में स्थित भोजशाला परिसर में मां वाग्देवी की अष्टधातु की प्रतिमा विराजित किए जाने की घटना के बाद प्रशासन भी हरकत में आया है। परिसर के अंदर सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है। मामला संज्ञान में आने के तुरंत बाद प्रतिमा को प्रशासन ने हटा दिया है। अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि, परिसर के अंदर इस प्रतिमा को कौन लेकर आया था। गर्भगृह में पूर्व की भांति मां वाग्देवी का प्रतीकात्मक स्वरूप स्थापित था, जिसकी पूजा - अर्चना की गई। वहीं, घटनाक्रम को लेकर कोई भी जवाबदार अधिकारी बयान देने की स्थिति में नहीं है। एएसआई अधिकारी प्रशांत पाटनकर ने अधिकृत बयान देने से साफ इंकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि, शनिवार दोपहर को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भोजशाला परिसर में प्रवेश करने के साथ गर्भगृह में मां वाग्देवी की अष्टधातु की प्रतिमा को रख दिया था।



#### जानकारी मिलते ही एएसआई के उड़े होश

- शाम करीब साढ़े 6 बजे जैसे ही यह जानकारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों तक पहुंची तो उनके होश उड़ गए। परिसर में हड़कंप मचने के बाद एएसआई की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रतिमा को हटाया गया। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं
- हो पाया है कि प्रतिमा को परिसर में कौन लेकर आया, किसने स्थापित किया और सुरक्षा तंत्र को इसकी जानकारी क्यों नहीं मिल सकी।

### कई लेयर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ सीसीटीवी से निगरानी

वैसे तो भोजशाला परिसर में हमेशा से ही सुरक्षा व्यवस्था तैनात रही है लेकिन हाईकोर्ट के फैसले के बाद संवेदनशीलता को देखते हुए यहां कई लेयर में सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। स्थानीय पुलिस-प्रशासन के साथ-साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास सुरक्षा का जिम्मा है। परिसर के बाहरी हिस्से में पुलिस चौकी बनाई है और यहां 24 घंटे जिला पुलिस के साथ विशेष सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। इसके अलावा यह पूरा परिसर सीसीटीवी से लैस है। परिसर में अंदर जाने के लिए मेटल डिटेक्टर से होकर गुजरना पड़ता है। चूंकि यह परिसर एएसआई के अधीन है इस कारण इसके अंदर एएसआई के सुरक्षा गार्ड भी 24 घंटे निगरानी करते हैं।

**घटना से पहले ही पहुंचे थे एएसआई अधीक्षक-** जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर एएसआई के अधीक्षक डॉ शिवाकांत बाजपेई भोजशाला पहुंचे थे। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुरूप लागू सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की थी।

## ट्रेजर टाउन बना जल संरक्षण की मिसाल

इंदौर ■ निसं

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी की अपील को सार्थक रूप देते हुए नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न जल संरक्षण कार्य युद्ध स्तर पर संचालित किए जा रहे हैं। अभियान में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, रहवासी संघ, शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने ट्रेजर टाउन कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनी में



जनभागीदारी से प्रत्येक भवन के वर्षा जल आउटलेट को रिचार्ज पिट से जोड़कर भू-जल संवर्धन का मॉडल विकसित किया जा रहा है। अब तक चार रिचार्ज पिट बन चुके हैं और लक्ष्य वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को कॉलोनी में संरक्षित करना है।

महापौर ने इस पहल को अन्य कॉलोनियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए जल संरक्षण में नागरिक सहभागिता को आवश्यक बताया। नगर निगम इंदौर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरभर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं भू-जल पुनर्भरण कार्यों को गति दे रहा है।

## 10 दिन से लापता सुल्तान का शव इंदौर में मिला

उज्जैन। जिले के ग्राम पीरझलार से 10 दिन पहले रहस्यमयी ढंग से लापता हुए 35 वर्षीय सुल्तान पटेल का शव इंदौर के यशवंत सागर जलाशय से बरामद हुआ है। शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को शुरूआती जांच में मृतक के परिजनों पर ही शक है जानकारी के मुताबिक सुल्तान पटेल की पत्नी फजार्ना पटेल 29 मई को बड़नगर थाना पुलिस पहुंची थीं। उन्होंने पति के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## आरक्षक ने किया रक्तदान

उज्जैन ■ निसं

उज्जैन में पुलिस की तत्परता से एक बीमार महिला की जान बच गई। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने एक छात्र की गुहार पर तत्काल रक्त की व्यवस्था की, जिसमें एक आरक्षक ने रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार, इस्कॉन मंदिर के पीछे रहने वाले कक्षा 7वीं के छात्र सूरज भाटी ने चिमनगंज मंडी थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया को फोन किया। सूरज ने अपनी मां सुनीता भाटी के लिए रक्त की व्यवस्था करने की गुहार लगाई। सुनीता भाटी बिरला अस्पताल में भर्ती थीं और पिछले दो दिनों से परिवार रक्त का इंतजाम नहीं कर पा रहा था। सूरज के पिता राजू भाटी का दो वर्ष पूर्व बीमारी के कारण निधन हो चुका है। सुनीता घरेलू कामकाज कर अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। बेटे की गुहार सुनते ही थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया अस्पताल पहुंचे। इसके बाद थाना प्रभारी ने तत्काल थाना स्टाफ के व्हाट्सएप ग्रुप में बी-पॉजिटिव रक्तदाता की आवश्यकता का संदेश प्रसारित किया।

# फटा तिरंगा फहराने पर विवाद, होटल पर कार्रवाई की मांग

बेटमा ■ निसं

बेटमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महू-नीमच रोड स्थित घाटाबिल्लोद ब्रिज के समीप संचालित चौधरी होटल एंड रेस्टोरेंट में फटा एवं क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार होटल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज खराब अवस्था में लहराता हुआ देखा गया, जिसके बाद स्थानीय नागरिकों ने इसे तिरंगे की गरिमा के विपरीत बताते हुए प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि होटल का संचालन सत्यनारायण चौधरी




द्वारा किया जाता है। नागरिकों का कहना है कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा इसकी गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है फ्लैग कोड ऑफ इंडिया, 2002 के अनुसार फटा, क्षतिग्रस्त, मैला अथवा विकृत राष्ट्रीय ध्वज सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में ध्वज को सम्मानपूर्वक हटाने का प्रावधान है। वहीं राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत भी राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान से जुड़े नियम निर्धारित किए गए हैं।

मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थिति की समय-समय पर निगरानी की जानी चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल मामले में प्रशासनिक जांच की मांग की जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं तथा संबंधित पक्ष की जिम्मेदारी क्या है।

## देर रात बदमाशों ने मचाया उत्पात:कारों के कांच फोड़े, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

इंदौर। मल्हारगंज और सदर बाजार थाना क्षेत्र की कॉलोनियों में शनिवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। दो पहिया वाहनों पर आए बदमाशों ने एक के बाद एक तीन से अधिक कारों के कांच फोड़ दिए। इसके अलावा सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों को भी गिरा दिया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया।पुलिस के मुताबिक घटना अर्जुन पल्टन, राधा कॉलोनी और नीलकंठ कॉलोनी की है। देर रात करीब तीन बजे बदमाश दो वाहनों से पहुंचे और कॉलोनियों में खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। उन्होंने तीन कारों के कांच भी फोड़ दिए। पुलिस ने पीछा कर एक संदिग्ध को पकड़ लिया।

# निगमायुक्त मिश्रा की सख्ती से कोयला फाटक कंठाल मार्ग चौड़ीकरण का काम पूर्णता की ओर

उज्जैन ■ निसं

निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा की रात-दिन की मेहनत, संभागायुक्त आशीषसिंह और कलेक्टर रौशनकुमार सिंह की मॉनिटरिंग के कारण शहर में सबसे पहले चौड़ी होने वाली कोयला फाटक-कंठाल चौराहा सड़क अब पूर्णता की ओर है। करीब एक साल से इस सड़क का काम बेहद धीमी गति से चल रहा था और लोग बेहद परेशान थे। पर निगमायुक्त ने लगातार दौरे कर ठेकेदार और अफसरों की लगाम कसी तो दूसरी बरसात से पहले यह रोड पूरा होने की तरफ आ गया है। मिश्रा रविवार को मुआयना करने पहुंचे



तो रहवासियों-व्यापारियों के सहयोग की खूब सराहना की। साइड पोर्च पर पेवर ब्लॉक लगाने और नालियों पर सीमेंट कांक्रीट का काम अंतिम चरण में है।

मार्ग चौड़ीकरण पूरा करने के लिए संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और निगम आयुक्त ने लगातार दौरे किए। दिन के साथ उन्होंने रात में भी काम करवाया। प्री-कास्ट नाली निर्माण, आईईसी चेंबर, सीवरेज लाइन और पेयजल सप्लाई लाइन बिछाने का काम भी साथ-साथ चला।

निगम आयुक्त ने बताया कि इस मार्ग पर डीएलसी (ड्राई लीन कंक्रीट) कार्य के साथ पीक्यूसी (पैनल कंक्रीट) काम भी पूरा कर लिया गया है। मंदिरों का विस्थापन और बिजली पोल शिफ्टिंग का काम भी पूरा हो गया है। मुख्य सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद अब फिनिशिंग चल रही है।

#### कंठाल, सतीगेट, ढाबा रोड और रामघाट मार्ग से रात में भी हटेगा मलबा

चौड़ीकरण से प्रभावित शहर के सबसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र कंठाल से सतीगेट, ढाबा रोड और रामघाट मार्ग से अब रात के समय भी मलबा हटाया जाएगा। यहां नाली निर्माण का काम तेजी से करने के निर्देश कलेक्टर रौशनकुमार ङ्क्षसह ने दिए हैं। सिंह रविवार शाम निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ मुआयना करने निकले थे।

# टैटू आर्टिस्ट की संदिग्ध मौत: परिवार ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

इंदौर ■ निसं

इंदौर के छोटी ग्वालटोली इलाके में रहने वाले एक टैटू आर्टिस्ट की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि दोस्त इसे सड़क दुर्घटना बता रहे हैं। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम योगेश (34) पुत्र छोटू सिलावट है, जो टैटू आर्टिस्ट था। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6 बजे योगेश के पास उसके दोस्त जीवन का फोन आया था। उसने योगेश को मिलने के लिए बुलाया और अपने साथ ले गया।दोस्त ने रात में दी घायल होने की सूचना-रात करीब 10 बजे जीवन, योगेश के घर पहुंचा और उसके छोटे भाई को सूचना दी कि योगेश घायल हो गया है। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और योगेश को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों का आरोप है कि योगेश के सिर, हाथ और पैरों पर चोट के निशान थे। दोस्तों ने बताया कि वह गाड़ी से गिर गया था, लेकिन परिवार का कहना है कि उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

## आईपीएल सट्टे में हारे साढ़े 4 लाख, खाया जहर, हुई मौत

इंदौर। आत्महत्या के एक सनसनीखेज मामले में आईपीएल सट्टे में लाखों रूपए गंवा देने के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खा जान दे दी। मामला सराफा थाना क्षेत्र का है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवक ने आईपीएल सट्टे में करीब साढ़े चार लाख रुपए हारने का जिक्र किया है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम अमन मकवाना पिता दिलीप मकवाना उम्र छब्बीस साल निवासी नलिया बाखल है। उसने कल दोपहर उस वक्त जब घर में सिर्फ उसकी छोटी बहन ही थी जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके बाद जब उसकी छोटी बहन ने उसकी तबीयत बिगड़ती देखी तो मामा को फोन किया और तुरंत उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शेयर मार्केट और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर ठगे 17.84 लाख

इंदौर ■ निसं

साइबर ठगोंरों और साइबर ठगी के खिलाफ इन्दौर पुलिस द्वारा लगातार चलाएं जा रहे जागरूकता अभियान के बावजूद लोगों के लालच के कारण ये साइबर ठगोरे ठगी की वारदातों को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं। ताजा मामला इन्दौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र का है जहा एक प्रॉपर्टी ब्रोकर के साथ शेयर मार्केट और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर 17.84 लाख रुपए की साइबर ठगी की वारदात को इन साइबर ठगोंरों ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, प्रॉपर्टी ब्रोकर नितेश दवे ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश से जुड़े विज्ञापन में कम




समय में अच्छा रिटर्न देने का दावा किया गया था। इसके बाद उनकी बातचीत व्हाट्सएप पर एक महिला से हुई, जिसने अपना नाम आराध्या शर्मा बताया। उसने खुद को टएउ कंपनी से जुड़ा बताते हुए कहा कि कंपनी क्रिप्टोकरेंसी और वरऊळ में निवेश कराती है और निवेशकों को अच्छा मुनाफा मिलता है। इसके बाद आराध्या शर्मा ने नितेश को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा और वहां हरीनी पटेल नाम की महिला को सीनियर अधिकारी बताकर परिचय कराया। इसके बाद ऑनलाइन एक एग्रीमेंट साइन कराया गया, जिसमें बताया गया कि कंपनी द्वारा दिलाए गए मुनाफे का 15 प्रतिशत कमीशन देना होगा। नितेश ने अपनी शिकायत में बताया कि शुरूआत में 4 अप्रैल को उससे यूपीआई के माध्यम से 10 हजार रुपए निवेश कराए गए। कुछ समय बाद उन्हें करीब 13 हजार रुपए वापस मिले। इससे उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद सात दिन के निवेश प्लान का झांसा देकर आरोपियों ने अलग-अलग खातों में कई बार पैसे ट्रांसफर करवाए। एक बार में करीब 21 और दूसरी बार में 7 ट्रांजेक्शन कराए गए। इस तरह कुल 17 लाख 84 हजार रुपए विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिए गए।

# ऑनलाइन पेमेंट को लेकर सीएनजी पंप पर विवाद

### बंदूक की बट से युवक पर हमला; केस दर्ज

इंदौर ■ निसं

भंवरकुआ में अवंतिका कंपनी के सीएनजी पंप पर ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने के चलते कार सवार दो युवकों का स्टाफ से विवाद हो गया। इस दौरान मैनेजर ने मारपीट कर दी। वहीं, मौके पर मौजूद गार्ड ने बंदूक की बट से एक युवक के सिर पर हमला कर दिया। घायल युवक को उसका साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस ने बयान के आधार पर मैनेजर और सुरक्षा गार्ड को आरोपी बनाया है।भंवरकुआ पुलिस ने अनिमेष पुत्र अर्जुन राठौर, निवासी सी-द्वारकापुरी की शिकायत पर राजीव गांधी चौराहे स्थित अवंतिका पेट्रोल पंप के मैनेजर और गार्ड के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, अनिमेष अपने साथी भावेश कांटे के साथ कार में गैस भरवाने पंप पर पहुंचा था। गैस भराने के बाद ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने के कारण उसकी पंप के मैनेजर से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर मैनेजर ने अपशब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान वहां मौजूद गार्ड भी विवाद में शामिल हो गया। उसने अपनी बंदूक की बट से अनिमेष के सिर पर वार कर दिया। हमले में अनिमेष के सिर से खून निकलने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ा।इसके बाद भावेश अपने साथी को अन्नपूर्णा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा।

# जमीन सौदे में करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में रिसोर्ट कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

इंदौर ■ निसं

अपनी जमीन के साथ किसानों की जमीन का सौदा कर करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के बाद कार्रवाई करते ग्रीन कॉटेज एंड रिसोर्ट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर सचिन शर्मा और उनकी पत्नी मिथिलेश के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी सचिन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। नंदलाल वाधवानी, राहुल गोयल, जयराम हबलानी और मुकेश



हरियानी निवासी माणिकबाग रोड़ ने डीसीपी जोन 1 को अपनी शिकायत में बताया था कि उन्होंने अपनी कंपनी के माध्यम से वर्ष 2018 में 6.9 एकड़ भूमि का सौदा किया था। सचिन ने भूमि से जुड़े बी-1 और पी-2 दस्तावेज दिखाते हुए दावा किया था कि 4.74 एकड़ जमीन उसके स्वामित्व में है, जबकि शेष भूमि किसानों से खरीदकर सौंप दी जाएगी। शिकायत में कहा गया कि जमीन खरीद और हस्तांतरण के नाम पर सचिन ने करीब दो करोड़ रुपए ले लिए।

# पार्किंग से टर्मिनल तक शेड ना होने से बारिश में भीगेंगे यात्री, धूप से भी परेशानी

इंदौर ■ निसं

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर यात्री सुविधा में एक बड़ी कमी सामने आई है। बारिश के दौरान एयरपोर्ट पर जाने वाले यात्री अगर पार्किंग में अपनी कार पार्क करते हैं तो उन्हें भीगते हुए टर्मिनल तक आना पड़ता हैं। इससे बचने के लिए यात्री पार्किंग से टर्मिनल तक जाने के लिए टैक्सी तक बुक कर रहे हैं। हाल ही में एक यात्री ने सोशल मीडिया पर यह शिकायत करते हुए पार्किंग से टर्मिनल तक यात्रियों के आने-जाने के लिए शेड बनाने की मांग की है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यात्री तरुण सुराना




ने एयरपोर्ट प्रबंधन को टैग करते हुए लिखा है कि कृपया कार पार्किंग से टर्मिनल तक फुटपाथ पर शेड बनाने के प्रोजेक्ट पर काम करें। बारिश के दौरान कार पार्किंग से टर्मिनल तक और वापस जाने में भीगने से बचने का कोई विकल्प नहीं है, जब तक कि आप छाता साथ न रखें, फिलहाल तो पार्किंग से टर्मिनल तक पहुंचने के लिए टैक्सी बुक करनी पड़ी। यात्री की ये शिकायत एयरपोर्ट पर यात्रियों को दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं की बड़ी कमी दशार्ती है, क्योंकि एयरपोर्ट पर आने वाला हर यात्री अपने साथ छाता नहीं रखता, अगर उसकी कार में छाता है भी और उसे फ्लाइट लेना है तो उसे छाता भी अपने साथ फ्लाइट में ले जाना पड़ेगा।

#### एयरपोर्ट का सरकारी जवाब, भविष्य की योजनाओं में विचार करेंगे

यात्रियों की इस शिकायत पर एयरपोर्ट प्रबंधन ने त्वरित समाधान के बजाए सरकारी सा जवाब दिया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने लिखा कि आपके महत्वपूर्ण सुझाव के लिए धन्यवाद। इंदौर एयरपोर्ट पर आपकी यात्रा के दौरान हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। आपकी प्रतिक्रिया को नोट कर लिया गया है।

#### बारिश के साथ धूप में भी होती है परेशानी

यात्रियों का कहना है कि अगर पार्किंग से टर्मिनल के बीच फुटपाथ पर शेड लगाया जाता है तो इससे बारिश के साथ ही धूप से बचने में भी यात्रियों को काफी सुविधा होगी। अक्सर ऐसी ही परेशानी से बचने के लिए यात्री या उन्हें लेने या छोड ? आने वाले परिजन टर्मिनल के सामने ही गाड़ी पार्क कर देते हैं, जिससे यहां जाम और अव्यवस्था की स्थिति भी बनती है।

**छाता हो तब भी साथ ले जाने में परेशानी**-यात्रियों का कहना है कि बारिश में सिर्फ पार्किंग से टर्मिनल तक आने के लिए अगर कार में छाता हो तब भी उसे लेकर जाना परेशानी भरा है, क्योंकि यात्रियों को आगे फ्लाइट में सवार होना होता है। ऐसे में गीला छाता वे अपने सामान में भी नहीं रख सकते हैं। कई छाते आगे से नुकीले होने के कारण फ्लाइट में ले जाने पर रोक तक दिए जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तमीम इकबाल बने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष

**ढ़ाका।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के नए अध्यक्ष बने हैं। तमीम को आम राय से बीसीबी अध्यक्ष चुना गया है। माना जा रहा है कि उनके आने से बीबीबी को एक नई दिशा मिलेगी। माना जा रहा है कि तमीन के आने से बांग्लादेश बोर्ड के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से संबंध बेहतर होंगे। बीसीबी प्रमुख बनने से पहले तमीम बोर्ड में एडहॉक समिति के प्रमुख के पद पर थे। बीसीबी के अधिकारी रबीद इमाम के अनुसार बीसीबी चुनावों के बाद आयोजित एक अहम बोर्ड बैठक में तमीम को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इमाम के अनुसार उन्होंने क्लब श्रेणी के मतदान में सबसे अधिक मत हासिल किये थे। नयेबोर्ड ने फहीम सिन्हा को उपाध्यक्ष बनाया है।

### टेस्ट और काउंटी क्रिकेट को पसंद करते हैं एंडरसन

**लंदन।** इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जेम्स एंडरसन का कहना है कि वह टेस्ट और काउंटी क्रिकेट को ही अधिक पसंद करते है। वहीं द हंड्रेड लीग में उनकी कोई रुचि नहीं है। एंडरसन के अनुसार टेस्ट और काउंटी क्रिकेट खेलना ही अब उनका लक्ष्य है। एंडरसन के इस बयान से एक बार फिर द हंड्रेड प्रारुप पर सवाल उठे हैं। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि पिछली बार उन्होंने इस लीग में खेला था तब उन्हें ये पसंद नहीं आयी थी। एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में सात सौ से ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। ऐसे में उनके बयान से इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीसी) को निराशा जाना तय है क्योंकि ईसीसी पिछले कुछ समय से इस सबसे छोटे प्रारुप को लोकप्रिय बनाने में लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एंडरसन ने पिछले साल मैनचेस्टर ओरिजिनल्स टीम की ओर से द हंड्रेड में तीन मुकाबले खेले थे।

### संन्यास के सवाल पर भड़कीं हरमनप्रीत

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस समय टी20 विश्वकप खेलने के लिए लंदन गयी हुई है। इसी दौरान सभी कप्तानों के लिए आयोजित एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में संन्यास को लेकर पूछे गये सवाल पर भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भड़क गयीं। हरमनप्रीत ने उल्टे उस रिपोर्टर से ही पूछ लिया कि वह इस प्रकार के सवाल क्यों पूछ रहा है। इस बातचीत का एक वीडियो भी। सोशल मीडिया पर आया है। इसमें दिख रहा है कि हर पत्रकार वार्ता में रिपोर्टर बारी-बारी से हर कप्तान से सवाल पूछे जा रहे थे।

## भारतीय टीम की सबसे बड़ी टेस्ट जीत

# अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हराया

**न्यू चंडीगढ़ ■ एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान की टीम फॉलोऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में भी केवल 112 रनों पर ही आउट हो गयी। वहीं वह पहली पारी में 152 रनों पर आउट हो गयी थी, भारत की ओर से सबसे अधिक 6 विकेट मानव सुधार ने लिए। फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में भी केवल 112 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी। ऐसे में उसे पहली पारी के आधार पर 412 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम ने अफगान टीम को फॉलोऑन के लिए बुलाया। अफगान टीम दूसरी पारी में भी टिक नहीं पायी और केवल 112 रन ही बना पायी। सलामी बल्लेबाज सिद्दीकुल्लाह अटल ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम की ओर से सुंदर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। कुलदीप यादव ने 3 विकेट, मोहम्मद सिराज ने 1 विकेट और मानव सुधार ने 1 विकेट लिया।



इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी। भारत की ओर से अपना पहला टेस्ट खेल रहे स्पिनर मानव सुथार ने इस मैच में काफी अच्छी गेंदबाजी कर कुल 7 विकेट लिए। सुधार ने पहली पारी में 22 ओवर में 33 रन देकर छह विकेट लिए जबकि दूसरी पारी में एक विकेट लिया। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने अफगानिस्तान की दूसरी पारी में चार विकेट जबकि कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पारी और रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत 300 रनों से हासिल की है। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पारी और 272 रनों से जीत हासिल की थी।

इस मैच में भारतीय टीम पूरी तरह से हावी रही। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक लगाये जबकि साई सुदर्शन और ऋषभ पंत ने अर्धशतक लगाया। शुभमन ने 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 126 रनों की पारी खेली जबकि केएल राहुल ने 11 चौके लगाकर 100 रन बनाए। साई सुदर्शन और ऋषभ पंत ने 81-81 रन जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 52 रन बनये।

इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरी अफगान टीम सुधार की फिरकी में उलझ गयी और पहली पारी में 152 रन ही बना पायी। केवल रहमत शाह ही 60 रनों की पारी खेली जबकि बाकी सभी बल्लेबाज विफल रहे। सुथार ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।



### ओलंपिक पदक जीतना है सपना : अनाहत

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह का कहना है कि उनकी लक्ष्य 2028 लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में पदक जीतना है। अनाहत ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने की चाहत हर खिलाड़ी में होती है। अनाहत ने कहा, यह पहली बार है जब इस खेल कोओलंपिक में जगह मिली है सभी खिलाड़ी इस अवसर का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, इससे पहले कोई भी स्क्वाश खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था पर अब ओलंपिक में भी वह अपनी प्रतिभा दिखा सकता है। अनाहत ने कहा, अगले कुछ साल में मेरा लक्ष्य देश के लिए पदक जीतना रहेगा। अनाहत ने कहा कि वह एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करतीहैं। वहीं पुरुष वर्ग में स्टार खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक में शामिल किए जाने से अब कारपोरेट जगत का ध्यान भी इसकी ओर गया है। रमित ने कहा, ओलंपिक विश्व खेल जगत का सबसे बड़ा आयोजन है और उसमें खेलना सभी का सपना होता है। साथ ही कहा कि हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी लाभ हुआ है। ये ओलंपिक में शामिल होने से ही संभव हो पाया है।

## मुंबई इंडियंस को छोड़ सकते हैं सूर्यकुमार

# केकेआर या सीएसके जाने की संभावना

**मुंबई ■ एजेंसी**

बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अब आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस को छोड़ सकते हैं। सूर्या के बाहर किये जाने की अटकलों को इस लिए भी बल मिल रहा है क्योंकि उन्होंने सोशल मीडिया में मुंबई इंडियंस को अनफॉलो कर दिया है। इतना ही नहीं, उनके अकाउंट से मुंबई इंडियंस की जर्सी वाली तस्वीरें भी हट गयी हैं। इससे ये साफ होता है कि सूर्या अब मुम्बई इंडियंस से नहीं खेलेंगे।

सूर्यकुमार को हाल ही में इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया और उनसे कप्तानी से भी हटा दिया गया। गौरतलब है कि इस आईपीएल सत्र में भी मुंबई इंडियंस के लिए भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्हें पिछली बार मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 16.25 करोड़ रुपये में बरकरार रखा था जिस पर इस बार भी बरकरार रख गया था। वह साल 2018 से ही लगातार मुंबई इंडियंस का अहम हिस्सा रहे हैं पर जिस प्रकार से उनका प्रदर्शन खराब हुआ है। उससे अब लगता है कि मुम्बई भी उन्हें आगे बनाये नहीं रखना चाहती।



ऐसे में अब कई रिपोर्ट्स ये दावा कर रही हैं कि अगर सूर्यकुमार मुंबई से बाहर जाते हैं तो वह अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जा सकते हैं। केकेआर को भी अपने लिए एक बेहतर कप्तान और शीर्ष क्रम में एक अनुभवी भारतीय बल्लेबाज की जरुरत है। कोलकाता के अलावा सूर्या चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी जा सकते हैं। इसका कारण है कि सीएसके भी एक बेहतर बल्लेबाज की तलाश में है।

मुंबई के लिए उन्होंने अब तक कुल 127 मैचों में 4020 रन बनाए हैं, जिसमें दो शानदार शतक भी शामिल हैं। वहीं केकेआर के लिए अपने पहले कार्यकाल में सूर्या ने 60 मैचों में 684 रन बनाए थे, जिसमें चैंपियंस लीग टी20 के 127 रन भी शामिल हैं।

## मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग:भोपाल लेपर्ड्स ने रीवा जगुआर के जबड़े से छीनी जीत

# 204 रनों के विशाल लक्ष्य को हासिल कर भोपाल ने दर्ज की रोमांचक जीत

**इंदौर ■ निसं**

मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग 2026 में रविवार की रात होल्कर स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग साबित हुई। रीवा जगुआर और भोपाल लेपर्ड्स के बीच खेला गया 10वां मुकाबला रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंच गया। आखिरी ओवर तक चले इस कांटे के मुकाबले में भोपाल लेपर्ड्स ने 3 विकेट से जीत दर्ज कर अंक तालिका में अपनी धाक जमा दी है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रीवा जगुआर की ओर से अक्षत रघुवंशी ने टूर्नामेंट की अब तक की सबसे विध्वंसक पारी खेली। अक्षत ने 32 गेंदों में 85 रन जड़कर भोपाल के गेंदबाजों को मैदान के चारों ओर दौड़ाया। उनकी पारी में 6 चौके व 9 गगनचुंबी छक्के शामिल थे, जो इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण रहे। उनके अलावा सागर सोलंकी ने 48 रनों का बेहतरीन योगदान दिया। हालांकि,





रीवा की पारी का अंत थोड़ा निराशाजनक रहा क्योंकि 153 रन पर 4 विकेट होने के बाद टीम अंतिम 27 गेंदों में केवल 50 रन ही जोड़ सकी। यही रनों का सूखा अंत में उनकी हार की बड़ी वजह बना। भोपाल की तरफ से हिमांशु शिंदे सबसे किफायती और सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में केवल 21 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर रीवा के स्कोर पर प्रभावी अंकुश लगाया। प्रियांशु शुक्ला व अजय मिश्रा को भी 2-2 सफलतां मिली।

204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल लेपर्ड्स ने शुरुआत से ही आक्रामक

## व्यापार समाचार

## बोइंग 737 मैक्स भी सेवा में वापस लाया गया

# स्पाइसजेट बेड़े में जोड़ेगी तीन एयरबस ए320 विमान

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

स्पाइसजेट अपने बेड़े में तीन एयरबस ए320 विमान शामिल कर रही है और एक बोइंग 737 मैक्स को भी सेवा में वापस लाई है। इससे कंपनी की परिचालन क्षमता और नेटवर्क मजबूत होगा, जिससे बढ़ती यात्री मांग को पूरा किया जा सकेगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। भारतीय विमानन कंपनी स्पाइसजेट अपने बेड़े और परिचालन क्षमता को मजबूत कर रही है। कंपनी ने तीन एयरबस ए320 विमानों को शामिल करने के लिए एक समझौता किया है। ये विमान जल्द ही कंपनी के बेड़े का हिस्सा बनेंगे।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, ये तीन एयरबस ए320 विमान जुलाई 2026 तक स्पाइसजेट के बेड़े में जुड़ जाएंगे। कंपनी ने इन विमानों के लिए एक पट्टा समझौता अंतिम रूप दिया है। इसके अलावा, स्पाइसजेट ने एक बोइंग 737 मैक्स विमान को सफलतापूर्वक सेवा में वापस लाया है। यह विमान पहले ही अपनी वाणिज्यिक उड़ानें शुरू कर चुका है। इस बढ़ी हुई क्षमता से व्यस्त यात्रा अवधि के दौरान एयरलाइन का नेटवर्क मजबूत होगा। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों पर अधिक परिचालन लचीलापन प्रदान करेगा।

कंपनी के अनुसार, ये विमान बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने में मदद करेंगे। इनसे व्यस्त अवधि में नेटवर्क लचीलापन तेज होगा और परिचालन क्षमता मजबूत होगी।



**विमानन क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायक होंगे नए विमान:** स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने इस विकास पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ये विमान बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने में सहायक होंगे। इनसे परिचालन क्षमता मजबूत होगी और व्यस्त यात्रा अवधि में नेटवर्क लचीलापन बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अपने बेड़े का विस्तार करने और परिचालन तैयारी में सुधार पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रही है।

**एयरलाइन कंपनी ने भविष्य के लिए क्या तैयारी की है?:** इससे पहले, अप्रैल 2026 में, दिल्ली हवाई अड्डे पर एक स्पाइसजेट बी737-700 विमान एक घटना में शामिल था। टैक्सी करते समय इसके दाहिने विंगलेट को क्षति पहुंची थी। एक अन्य एयरलाइन के विमान के बाएं क्षैतिज स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ था। इस घटना के बाद विमान को दिल्ली में खड़ा कर दिया गया था। कंपनी अपनी वृद्धि योजनाओं के साथ आगे बढ़ रही है।

## रील्स सिर्फ मनोरंजन नहीं, अब शॉपिंग का भी नया अड्डा: रिपोर्ट

# 81 फीसदी भारतीय रील्स से पाते हैं नए प्रोडक्ट्स की जानकारी

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारत में शॉर्ट वीडियो कंटेंट, खासकर इंस्टाग्राम रील्स अब सिर्फ टाइमपास का जरिया नहीं रहा। सोशल मीडिया दिग्गज मेटा और रिसर्च एजेंसी इप्सॉस की एक नई ज्वॉइंट स्टडी ने खुलासा किया है कि रील्स लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और शॉपिंग के तरीकों को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। यह बदलता ट्रेंड शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों के उपभोक्ताओं पर समान रूप से दिख रहा है। मेटा और इप्सॉस द्वारा देश के 23 शहरों और ग्रामीण इलाकों के 4,000 से अधिक लोगों पर किए गए इस अध्ययन के मुताबिक, रील्स अब सीधे तौर पर भारतीय उपभोक्ताओं की जेब और ई-कॉमर्स को प्रभावित कर रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि 81 फीसदी लोग किसी भी नए प्रोडक्ट या ब्रांड की पहली जानकारी रील्स के जरिए ही हासिल करते हैं। इतना ही नहीं, 66 फीसदी लोग खरीदारी से पहले रील्स पर प्रोडक्ट का रिव्यू या कंटेंट चेक करते हैं, और चौंकाने वाली बात यह है कि 47 फीसदी लोग रील देखने के बाद ही उस सामान को खरीदने का अंतिम फैसला लेते हैं। यह डिजिटल क्रांति खासकर युवा पीढ़ी पर सबसे ज्यादा असर डाल रही है, जहां 89% जेन-जी यूजर्स हर दिन



रील्स देखते हैं और इनमें से 84 फीसदी रील्स के माध्यम से नए प्रोडक्ट्स की खोज करते हैं। ग्रामीण इलाकों में भी यह क्रेज बढ़ रहा है; जहां 94 फीसदी लोग रोजाना वीडियो देखते हैं और 73 फीसदी ग्रामीण यूजर्स ने रील्स के जरिए नए ब्रांड्स के बारे में जाना है। सिर्फ फैशन या ब्यूटी ही नहीं, ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी रील्स का प्रभाव है। 82 फीसदी लोग नई कारों और बाइक्स को खोजने के लिए मेटा प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हैं, और रील्स का असर खरीदारी के अंतिम फैसले में 50 फीसदी तक देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक भारतीय यूजर्स इंस्टाग्राम रील्स पर ब्यूटी, मेकअप और फैशन से जुड़ा कंटेंट सबसे ज्यादा देखना पसंद करेंगे। क्रिएटर्स के लिए भी अच्छी खबर है, क्योंकि इंस्टाग्राम रील्स अन्य शॉर्ट वीडियो ऐप्स के मुकाबले 60 फीसदी ज्यादा एंगेजमेंट प्रदान करता है। मेटा इंडिया का कहना है कि अब ब्रांड्स के लिए कंटेंट और व्यापार को एक साथ जोड़कर चलना बेहद जरूरी हो गया है।

### सरकार ने बैंकों से मांगा एटीएम नकदी संकट पर तत्काल जवाब

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग ने देशभर में एटीएम में नकदी की कमी की समस्या पर बैंकों से तत्काल विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। विभाग ने बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को भेजे ईमेल में नकदी भरने में आ रही दिक्कतों के कारणों और उन्हें दूर करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने का निर्देश दिया। यह कदम अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एटीएम सेवाओं के बुरी तरह प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच उठाया गया है, जहां प्रत्यक्ष हस्तांतरणलाभार्थियों के लिए नकदी पर निर्भरता अधिक है। एटीएम उद्योग परिसंघ ने पिछले सप्ताह भारतीय बैंक संघ को आगाह किया था कि नकदी की उपलब्धता समस्या बनती जा रही है, जिससे देश भर में एटीएम सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को नकदी कमी होने पर तुरंत आपूर्ति का आश्वासन दिया था। हालांकि, बैंकरों के अनुसार, एटीएम में नकदी खत्म होने पर बैंकों को भी लागत वहन करनी पड़ती है।

### पेट्रोल से 20 रुपए सस्ता नया ई85 फ्यूल

**नई दिल्ली।** बढ़ती ईंधन कीमतों और कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली में आधिकारिक तौर पर ई85 फ्यूल लॉन्च किया है, जो सामान्य पेट्रोल से लगभग 20 रूपए प्रति लीटर सस्ता है। दिल्ली में इसे मात्र 82.12 रुपए प्रति लीटर की किफायती कीमत पर पेश किया गया है, जबकि सामान्य पेट्रोल 100 रुपए के पार है। ई85 एक हाई इथेनॉल ब्लेंडेड फ्यूल है, जिसमें 80-85 फीसदी एथेनॉल होता है। इसे गन्ने, मक्के और कृषि अवशेषों से तैयार किया जाता है, जो इसे स्वदेशी और पर्यावरण के अनुकूल बनाता है।

### वित्त वर्ष 27 में 7.7 से 6 फीसदी तक आ सकती है भारत की ग्रोथ रेट

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन आगामी वर्ष में इसकी विकास दर पर बाहरी चुनौतियों का साया मंडरा रहा है। एक ब्रोकरेज फर्म की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को प्रभावित कर सकती हैं। इससे महंगाई और कंपनियों की लागत बढ़ने का अंदेशा है। रिपोर्ट बताती है कि इन संभावित मुश्किलों को देखते हुए वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया गया है।

## मोटोरोला ने किया इडिज 70 प्रो प्लास लांच

# 2026 का सबसे स्टाइलिश फ्लैगशिप किलर स्मार्टफोन है

**नई दिल्ली।** मोबाइल टेक्नोलॉजी व इनोवेशन में वैश्विक अग्रणी और भारत के प्रमुख 9 एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज इडिज 70 प्रो प्लास लॉन्च किया, जो 2026 का सबसे स्टाइलिश ऑल-राउंडर फोन है। बिना किसी समझौते के फ्लैगशिप अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्मार्टफोन, प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, प्रीमियम व विशिष्ट फिनिश, इमर्सिव एंटरटेनमेंट, नेक्स्ट-जेन moto ai अनुभवों और फ्लैगशिप-लेवल परफॉर्मेंस का एक शानदार संयोजन है।




इस डिवाइस में क्वाड 50MP प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व कम रोशनी में बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए motoAI से लैस एडवांस सोनी LYTIA 710 कैमरा करता है। इसके साथ ही इसमें 50× एआई सुपर जूम प्रो के साथ 50MP का 3.5× पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा, 50MP का अल्ट्रा-वाइड + मैक्रो विज़न कैमरा और ऑटो फोकस के साथ 50MPका क्वाड पिक्सेल सेल्फी कैमरा शामिल है।

एडवांस ऑन-डिवाइस एआई क्षमताओं वाले मीडियाटेक डाइमेंशन 8500 एक्सट्रीम प्रोसेसर से पावर्ड, इडिज 70 प्रो प्लास में पैंटोनज़ द्वारा चुने गए रंगों में शानदार सैटिन-लक्स, स्कल्प्टेड वुड और ट्विल इंस्पायर्ड फिनिश के साथ 'कलेक्शंस बाय मोटोरोला' को पेश किया गया है। एक शानदार 144H5 1.5K ट्रू कलर क्वाड-कर्व्ड पैंटोनज़ वैलिडेटेड डिस्प्ले, 90ड्ड टर्बोपावरज़ चार्जिंग और 15W वायरलेस चार्जिंग के साथ आने वाली विशाल 6500mAh सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, और IP68 + IP69 मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ मिलकर यह डिवाइस एक संपूर्ण फ्लैगशिप स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है।

# अंदर से बाहर तक देखभाल: ओरल हेल्थ और त्वचा का गहरा संबंध

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता द्वारा विशेष ओरल हेल्थ विश्लेषण के अनुसार आज के स्किनकेयर-केंद्रित दौर में उपभोक्ता साफ़ और स्वस्थ त्वचा पाने के लिए अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने, अलग-अलग उत्पादों को आज़माने और अपने खान-पान पर अधिक ध्यान देने में पहले से कहीं अधिक समय और प्रयास लगा रहे हैं। फिर भी, कई लोगों के लिए मुंहासे, त्वचा बेजान दिखती है और मुंहासे, लालिमा या अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं बार-बार होती रहती हैं। उभरती समझ यह संकेत देती है कि इसका समाधान केवल त्वचा की सतह पर नहीं, बल्कि उससे कहीं गहराई में-खासतौर पर मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ा हो सकता है।

विशेषज्ञ अब मौखिक स्वच्छता और समग्र स्वास्थ्य के बीच संबंध पर ज़ोर दे रहे हैं, जिसमें त्वचा पर इसके दिखने वाले




प्रभाव भी शामिल हैं। जब मौखिक देखभाल में थोड़ी भी अनियमितता आती है, तो मुंह में बैक्टीरिया जमा होने लगते हैं, जिससे हल्के स्तर की सूजन उत्पन्न होती है। यह आंतरिक असंतुलन तुरंत स्पष्ट नहीं होता, लेकिन समय के साथ यह शरीर के अन्य हिस्सों में दिखाई देने लगता है, और त्वचा अक्सर इसका पहला संकेत देती है। आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित और इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा स्वीकृत डाबर रेड टूथपेस्ट जैसे उत्पाद व्यापक मौखिक देखभाल को बढ़ावा देने में सहायक माने जाते हैं।

'कई लोग केवल बाहरी (टॉपिकल) समाधान पर ध्यान देते हैं, बिना यह समझे कि अंदरूनी सूजन त्वचा के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है,' 'बार-बार होने वाली त्वचा संबंधी समस्याएं कभी-कभी मौखिक स्वास्थ्य से उत्पन्न असंतुलन का परिणाम हो सकती हैं।'

विशेषज्ञ मानते हैं कि पहले से जटिल हो चुकी स्किनकेयर दिनचर्या में और परतें जोड़ने के बजाय मूल कारणों पर ध्यान देना अधिक आवश्यक है। एक नियमित और प्रभावी मौखिक देखभाल दिनचर्या बैक्टीरिया के जमाव को कम करने और शरीर में संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। इससे आपकी स्किनकेयर, खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली के लिए किए गए प्रयासों के बेहतर परिणाम दिखाई देने लगते हैं यह बढ़ती जागरूकता अब उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के उत्पादों, जैसे टूथपेस्ट, के चयन को भी प्रभावित कर रही है। डाबर रेड टूथपेस्ट, जो आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित है और इंडियन डेंटल एसोसिएशन की स्वीकृति मुहर से प्रमाणित है, ऐसे उत्पादों में शामिल है जो व्यापक मौखिक देखभाल को बढ़ावा देने में सहायक माने जा रहे हैं। यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि मौखिक स्वास्थ्य केवल दांतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे शरीर के संतुलन से जुड़ा हुआ है।

समय के साथ, मजबूत मौखिक स्वास्थ्य केवल दांतों की देखभाल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह शरीर के आंतरिक संतुलन को बेहतर बनाने में भी मदद करता है, जिससे त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए बार-बार प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता कम हो जाती है।

# इंडी गठबंधन की बैठक से पहले दिल्ली में लगे राहुल गांधी विरोधी पोस्टर, विपक्षी एकता पर उठे सवाल







**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडी' की महत्वपूर्ण बैठक से ठीक पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सोमवार को प्रस्तावित बैठक से पहले शहर के कई प्रमुख इलाकों में कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को निशाना बनाते हुए पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में विपक्षी गठबंधन के प्रमुख नेताओं के पुराने बयानों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है, जिनके माध्यम से कांग्रेस की विश्वसनीयता और गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े किए गए हैं।

राजधानी दिल्ली के अशोका रोड, रेल भवन, ली मेरिडियन गोलचक्कर समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे पोस्टरों ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना दिया। पोस्टरों में कांग्रेस पर अपने सहयोगी दलों के साथ विश्वासघात करने और गठबंधन की राजनीति को कमजोर करने के आरोप लगाए गए हैं।

इन पोस्टरों का उद्देश्य यह संदेश देना प्रतीत होता है कि इंडी गठबंधन के भीतर शामिल दलों के बीच वैचारिक और राजनीतिक मतभेद अब भी मौजूद हैं और कांग्रेस को लेकर सहयोगी दलों में पूरी सहमति नहीं है।

पोस्टरों में विभिन्न विपक्षी नेताओं के पुराने कथनों को उद्धृत (कोट) करते हुए कांग्रेस और उसके नेतृत्व को घेरने का प्रयास किया गया है।

एक पोस्टर में एससीपी के प्रमुख शरद पवार का पुराना बयान प्रकाशित किया गया है, जिसमें कहा गया था कि 'राहुल गांधी में निरंतरता की कमी है।' दूसरे पोस्टर में पिनराई विजयन का बयान छापा गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'राहुल गांधी राष्ट्रीय नेता हैं, लेकिन उनमें उतनी समझ भी नहीं जितनी कांग्रेस के एक स्थानीय कार्यकर्ता में होती है।'

इसी प्रकार द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन का बयान भी पोस्टरों में शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि 'कांग्रेस हमारी पीठ पर बैठकर आगे बढ़ती रही और अब उसी पीठ में छुरा घोंप दिया।' पोस्टरों में तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के पुराने बयानों का भी उल्लेख किया गया है। इनमें 'कांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो रही है, हम उस पर निर्भर नहीं रह सकते' तथा 'अगर कांग्रेस गठबंधन नहीं चला सकती तो मैं इसे चला सकती हूं' जैसे कथन शामिल हैं।

कुछ पोस्टरों में आप नेता अरविंद केजरीवाल के पुराने बयानों का भी संदर्भ दिया गया है, जिनके माध्यम से कांग्रेस और उसके नेतृत्व की आलोचना की गई है।

सभी पोस्टरों के नीचे एक समान नारा लिखा गया है 'इंडी अलायन्स वाले जो आपस में लड़ रहे हैं, वो साथ क्या लड़ेंगे!' इस नारे के जरिए यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि विपक्षी गठबंधन के भीतर आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि वह एकजुट होकर राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ सकता। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन पोस्टरों को किस संगठन, राजनीतिक दल या व्यक्ति ने लगवाया है। पोस्टरों पर किसी संस्था या समूह का नाम भी नहीं दिया गया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने ये पोस्टर नहीं देखे हैं, इसलिए वे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे।

इंडी गठबंधन की बैठक से पहले वामपंथी दलों की ओर से भी कांग्रेस के प्रति असंतोष के संकेत मिले हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी. राजा ने कहा कि बैठक में शामिल होने वाले दलों की संख्या और एजेंडा अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि वाम दलों के अपने राजनीतिक मुद्दे हैं, जिन्हें वे बैठक में मजबूती से उठाएंगे। डी. राजा ने यह भी आरोप लगाया कि केरल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने वाम दलों की ईमानदारी और विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे, जिससे दोनों पक्षों के रिश्तों में तनाव पैदा हुआ।







## संक्षिप्त समाचार

### बिहार कैबिनेट ने ज़मीन मापी शुल्क में बढ़ोतरी समेत कुल 25 प्रस्तावों को दी मंज़ूरी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार शाम हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में जमीन मापी शुल्क बढ़ाने से लेकर बाढ़ प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और कई विकास परियोजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने रैयती जमीन की मापी के शुल्क में वृद्धि को स्वीकृति दी है। शहरी निकाय क्षेत्रों (नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत) में प्रति खेसरा 2000 रुपये तथा अधिकतम 8000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह शुल्क प्रति खेसरा 1000 रुपये और अधिकतम 4000 रुपये तय किया गया है। इसके अलावा तत्काल मापी के लिए शहरी क्षेत्रों में प्रति खेसरा 4000 रुपये और अधिकतम 16000 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति खेसरा 2000 रुपये और अधिकतम 8000 रुपये शुल्क निर्धारित करने की भी स्वीकृति दी गई। बैठक में 'विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन' (जी-रामजी योजना) को भी मंजूरी दी गई, जो 1 जुलाई से लागू होगी। इसके साथ ही गोपालगंज के सासामुसा चीनी मिल के पुन: संचालन और गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के लिए 42 करोड़ 99 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई।

### तिरुप्परंकुंद्रम विवाद : भाजपा अध्यक्ष ने टीवीके और सीएम विजय पर लगाए गंभीर आरोप

**चेन्नई।** तमिलनाडु में तिरुप्परंकुंद्रम विवाद को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री विजय और उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) पर हमला बोला है। उन्होंने टीवीके पर द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की 'निम्नस्तरीय राजनीति' को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। नैनार नागेंद्रन ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद तिरुप्परंकुंद्रम स्थित दीप स्तंभ पर कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति नहीं देने संबंधी बयान टीवीके विधायक और मंत्री निर्मल कुमार द्वारा दिए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि टीवीके मंत्री आदव अर्जुना भी इस रुख का समर्थन कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विजय से सवाल करते हुए कहा कि जब उनकी पार्टी के विधायक और मंत्री भगवान मुरुगन के भक्तों के धार्मिक अधिकारों के खिलाफ बयान दे रहे हैं, तब मुख्यमंत्री अब तक मौन क्यों हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि आखिर राज्य का वास्तविक नेतृत्व कौन कर रहा है।

### टीएमसी में संकट गहराया, काकोली सहित 20 सांसदों का राजग को समर्थन देने का फैसला

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सोमवार को दावा किया कि कम से कम 20 सांसदों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन करने का फैसला किया है। इस संबंध में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया है। पश्चिम बंगाल के बारासात लोकसभा क्षेत्र की सांसद काकोली घोष ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि 20 सांसदों की ओर से पहले ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र भेजा जा चुका है, जिसमें केंद्र की सत्तारूढ़ राजग सरकार का समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की गई है। घोष ने कहा कि वे लोकसभा में टीएमसी की मुख्य सचेतक हैं और यह निर्णय अन्य सांसदों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मुख्य सचेतक पद से हटाने का फैसला मनमाना और एकतरफा था। पार्टी अध्यक्ष ने भले ही मेरे स्थान पर किसी और की नियुक्ति की घोषणा कर दी हो, लेकिन इससे संवैधानिक और संसदीय स्थिति रातोंरात नहीं बदल जाती।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यमुना रिवाइवल परियोजना की समीक्षा बैठक में कहा

# यमुना को पुनर्जीवित करने सभी एजेंसियों को मिलकर काम करने की आवश्यकता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली में यमुना पुनर्जीवीकरण (रिवाइवल) परियोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वच्छ और निर्मल यमुना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का संकल्प है। इसे शीघ्र पूरा करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर कार्य करना होगा। बैठक में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

गृह मंत्रालय में हुई इस बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों के साथ-साथ सभी संबंधित मंत्रालय यमुना की सफाई के लिए अलग-अलग नहीं बल्कि टीम भावना के साथ एकीकृत कार्ययोजना के तहत काम करें। हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश तीनों राज्य मिलकर यमुना नदी में मानक ईको-फ्लो सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल संतोषजनक प्रयास नहीं, बल्कि ठोस और सटीक परिणाम दिखाई देने चाहिए।

अमित शाह ने निर्देश दिया कि यमुना नदी की गाद निकासी (डी-सिल्टिंग) का कार्य तेजी से पूरा किया जाए तथा निकाली गई गाद का उपयोग विभिन्न विनिर्माण और विकास परियोजनाओं में किया जाए, ताकि बरसात के दौरान यह दोबारा नदी में न पहुंचे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की डेयरियों से निकलने वाले अपशिष्ट को यमुना में जाने से रोकने के लिए नगर निगम (एमसीडी) और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके तहत डेयरियों और गौशालाओं से निकलने वाले गोबर को सीधे बायोगैस और जैविक खाद संयंत्रों तक पहुंचाया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि एनडीडीबी मॉडल के तहत यमुना किनारे जमा होने वाले कचरे का भी वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाएगा। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), औद्योगिक अपशिष्ट और सभी नालों से होने वाले डिस्चार्ज की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यमुना नदी में प्रवाहित नालों की डी-सिल्टिंग का काम तेजी से चल रहा है। इस वर्ष लक्षित 28.57 लाख एमटी में से 97 प्रतिशत गाद निकाली जा चुकी है बाकी 15 जून तक निकाल ली जाएगी, गाद का इस्तेमाल विभिन्न विनिर्माण परियोजनाओं में किया जाए, जिससे बारिश में ये गाद बहकर वापस यमुना में ना जाये। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अब तक 128 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बन चुके हैं और 2027 के अंत तक 99 नए एसटीपी और बनाये जाएंगे। एसटीपी, औद्योगिक अपशिष्ट और सभी नालों के डिस्चार्ज को अच्छे से मॉनिटर करें, सिर्फ संतोषजनक काम नहीं बल्कि सटीक परिणाम आने चाहिए।

शाह ने कहा कि औद्योगिक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी) या डेयरी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट्स सभी का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही हो। यमुना में जुड़ने वाले सभी नालों और जल स्रोतों में शुद्धिकरण के विभिन्न पैमानों, जैसे बीओडी, सीओडी और टीएसएस के निरंतर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि यमुना पुनर्जीवीकरण परियोजना के सभी प्रोजेक्ट्स की विस्तृत कार्ययोजना और निष्पादन तिथि तय हो और इनके दीर्घकालिक रख-रखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो।

अमित शाह ने अधिकारियों से कहा कि यमुना पुनर्जीवीकरण परियोजना की प्रगति की समीक्षा हर 20 दिन में की जाए ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सके।




### 'गरीब कल्याण योजना' मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मोदी सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि 'गरीब कल्याण योजना' हमेशा से सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। अमित शाह ने एक्स पर लिखा, 'सरकार ने इन 12 वर्षों में करोड़ों नागरिकों को अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास, जन-धन, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वनिधि जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए बैंकिंग सुविधा, वित्तीय सुरक्षा और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा है। इसके अलावा, बुनियादी सुविधाओं, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर जीवन स्तर के जरिए देश के गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़कर 'विकसित भारत' की मजबूत नींव का निर्माण किया जा रहा है।'

# ओमान तट के पास जहाज में धमाका, सभी 24 भारतीय सुरक्षित






**मस्कट/इस्तांबुल ■ एजेंसी**

ओमान तट एवं रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट एक वाणिज्यिक तेल टैंकर में हुए धमाके के बाद उस पर सवार सभी 24 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जो सभी भारतीय हैं। शुरुआती रिपोर्टों में धमाके के पीछे संदिग्ध ड्रोन या मिसाइल हमले की आशंका जताई गई है।

ओमान की न्यूज एजेंसी अरब टाइम्स कुवैत और तुर्किए की सरकारी समाचार संस्था अनाडोलू एजेंसी के अनुसार पलाऊ के झंडे के तहत संचालित ऑयल एवं केमिकल टैंकर एमटी मैरिवेक्सओमान के तट से लगभग 15 नॉटिकल मील दूर समुद्र में यात्रा कर रहा था, तभी जहाज़ में जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट से इंजन रूम को गंभीर क्षति पहुंची और जहाज़ में आग लग गई।

धमाके के कारण इंजन कंपार्टमेंट में बड़ा छेद हो गया, जिससे जहाज़ में तेजी से पानी भरने लगा और उसका संतुलन बिगड़ गया। आग फैलने और पानी भरने की वजह से कुछ नाविकों के जहाज़ पर फंस जाने की आशंका भी जताई गई थी। जहाज की लाइफबोट्स को नुकसान पहुंचने से स्थिति और मुश्किल हो गई, जिससे लोगों को बाहर निकालने की कोशिशों में बाधा आई।

वहीं, अनाडोलू एजेंसी ने भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा के हवाले से बताया कि यह घटना भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 1:30 बजे एमटी मैरिवेक्स जहाज़ पर हुई। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि मौजूदा जानकारी के मुताबिक चालक दल के सभी लोग सुरक्षित हैं। इससे पहले फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडियाने भी पुष्टि की थी कि जहाज़ पर भारतीय नागरिक मौजूद हैं और उन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास का समुद्री क्षेत्र सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल और व्यापारिक शिपिंग रूट्स में से एक माना जाता है, जहां हाल के महीनों में क्षेत्रीय तनाव और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।

अधिकारियों ने अभी तक धमाके के वास्तविक कारणों के बारे में कुछ भी नहीं कहा है। मामले की जांच जारी है और समुद्री सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। भारतीय अधिकारियों ने कहा है कि वे जहाज़ और उसके चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों के संपर्क में हैं।

# देश छोड़ने की फिराक में था तृणमूल नेता जहांगीर, एसटीएफ ने बॉर्डर पर दबोचा

**कोलकाता ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के फलता विधानसभा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान को राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें गिरफ्तार कर कोलकाता लाया जा रहा है।



सूत्रों का दावा है कि जहांगीर खान नेपाल सीमा के रास्ते देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तभी गुप्त सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल की टीम ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि उन्हें पहले से फरार घोषित माना जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 में जहांगीर खान के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था। उस मामले में उन्हें पहले अदालत से अंतरिम सुरक्षा मिली थी। इसके अलावा, फलता विधानसभा क्षेत्र में पुनर्निर्वाचन से पहले भी उन्हें उच्च न्यायालय से सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ था। हालांकि, 26 मई को उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ जारी सभी सुरक्षा आदेश वापस ले लिए, जिसके बाद पुलिस के लिए गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया।

विधानसभा चुनाव के दौरान 29 अप्रैल को अंतिम चरण के मतदान में फलता विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों पर अनियमितताओं के आरोप लगे थे। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों में छेड़छाड़ और अन्य गड़बड़ियों के आरोप भी लगाए गए थे। इसके बाद पुनर्निर्वाचन की मांग उठी और चुनाव आयोग ने पुनर्मतदान का निर्णय लिया था। 4 मई को बाकी सीटों के परिणाम घोषित किए गए थे।

जहांगीर खान पहले भी राजनीतिक बयानबाज़ी को लेकर चर्चा में रहे हैं। मतदान से पहले उनके आवास पर सुरक्षा बलों और पुलिस ने छापेमारी की थी। उस दौरान उनके बयानों और चुनावी माहौल को लेकर राज्य की राजनीति में काफी विवाद हुआ था। उन्होंने खुद को राजनीतिक दबाव के सामने न झुकने वाला बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी थी, जिसके बाद मामला और अधिक सुर्खियों में आ गया था।

### 'आप' इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि आप अब इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। आज होने वाली बैठक में आप शामिल नहीं होगी। संजय सिंह सोमवार को एक बयान में इंडी ब्लॉक की बैठक पर कहा कि जहां तक पार्टी का सवाल है, पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आआपा इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। इसलिए बैठक में उसके शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। इस दौरान संजय सिंह ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु में बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस द्वारा द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को विश्वास में लिए बिना अभिनेता विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) को समर्थन देने के कारण दोनों दलों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं।

# असम मंत्रिमंडल के विभागों का हुआ आवंटन, मुख्यमंत्री के पास गृह, लोक निर्माण, ऊर्जा

**गुवाहाटी ■ एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के बीच विभागों का आवंटन कर दिया। हाल में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सभी कैबिनेट मंत्रियों को उनके-उनके विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा अपने पास गृह एवं राजनीतिक, लोक निर्माण (भवन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़क), ऊर्जा तथा जनसंपर्क विभाग रखेंगे। जयंत मल्लबरुवा को वित्त, पर्यावरण एवं वन तथा खान एवं खनिज विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, केशव महंत को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन तथा सामान्य प्रशासन विभाग सौंपे गए हैं।



अशोक सिंघल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग का दायित्व दिया गया है। पीयूष हजारिका कृषि, सिंचाई एवं संसदीय कार्य विभाग संभालेंगे, जबकि डॉ. रणोज पेगु विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य (मैदानी क्षेत्र) तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का नेतृत्व करेंगे। अश्विनी राय सरकार को सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण, भूमि संरक्षण तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग दिए गए हैं। बिमल बोरा को सांस्कृतिक कार्य, उद्योग, वाणिज्य एवं सार्वजनिक उपक्रम तथा एक्ट ईस्ट नीति विभाग सौंपा गया है। विश्वजीत दैमारी को हथकरघा, वस्त्र एवं रेशम उद्योग, कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता, स्वदेशी एवं जनजातीय आस्था एवं संस्कृति तथा खेल विभागों की जिम्मेदारी मिली है। कौशिक राय खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले तथा आवास एवं शहरी कार्य विभाग संभालेंगे। कृष्णेंदु पाल को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पर्वतीय क्षेत्र एवं बराक घाटी विकास विभाग दिया गया है। नीलिमा देवी पशुपालन, पशु चिकित्सा एवं मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी निभाएंगी, जबकि सुशांत बरगोहाई को जल संसाधन एवं न्यायिक विभाग सौंपे गए हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों के इस आवंटन के साथ राज्य सरकार ने प्रशासनिक कार्यों को गति देने और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने सभी नवदायित्व प्राप्त कैबिनेट मंत्रियों को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

*भारत के पास परमाणु बम 180 से बढ़कर 190 हुए, पाकिस्तान 170 वॉरहेड्स पर ही टिका*

# भारत ने एक साल के भीतर बढ़ाया परमाणु हथियारों का जखीरा, पाक को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*भारत ने पिछले साल के मुकाबले अपना परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा लिया है। भारत के पास परमाणु बम 180 से बढ़कर इस साल 190 हो गए हैं, जबकि पड़ोसी पाकिस्तान की परमाणु क्षमता बिना किसी बदलाव के 170 वॉरहेड्स पर ही रुकी हुई है। यानी भारत रणनीतिक रूप से परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान से आगे हो गया है। इस समय दुनिया के नौ देशों के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 9,745 वॉरहेड्स को सैन्य भंडारों में संभावित उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार रखा गया है। इनमें से लगभग 4,012 वॉरहेड्स मिसाइलों और लड़ाकू विमानों पर सक्रिय रूप से तैनात किये जा चुके हैं।*




*रक्षा क्षेत्र पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपरी) ने अपनी वार्षिक ईयर बुक जारी कर दी है। दुनिया में बदलते युद्ध के तरीकों और सेनाओं के आधुनिकीकरण का ही नतीजा है कि वैश्विक स्तर पर हथियारों को जमा करने की होड़ मची है। सोमवार को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण पर रिपोर्ट में बताया गया है कि परमाणु हथियारों की संख्या और उनके प्रभाव को कम करने के लिए दशकों से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयास अब पूरी तरह से उल्टे होते दिख रहे हैं। परमाणु हथियारों की होड़ में रूस और अमेरिका आज भी सबसे आगे हैं।*

*रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि परमाणु हथियार संपन्न दुनिया भर के नौ देशों के पास इस साल जनवरी तक कुल 12187 परमाणु बम हैं, जबकि 2025 में यह संख्या 12241 थी। कहने को कहा जा सकता है कि परमाणु बमों की कुल संख्या में मामूली गिरावट आई है, लेकिन विशेषज्ञ इसे भ्रामक मानते हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दुनियाभर में करीब 2,100 से 2,200 परमाणु वॉरहेड्स को 'हाई ऑपरेशनल अलर्ट' पर रखा गया है, यानी इन्हें महज कुछ ही मिनटों के आदेश पर दागा जा सकता है। इस श्रेणी में सबसे ज्यादा हथियार रूस और अमेरिका के पास हैं।*

*परमाणु हथियारों के मामले में इस समय रूस दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु शक्ति संपन्न देश बना हुआ है, जिसके पास कुल 5420 वॉरहेड्स हैं। इस सूची में अमेरिका 5,042 वारहेड्स के साथ दूसरे स्थान पर है।*

यह दवा अमूल्य है
खूनी बवासीर के मरीजों के लिए आवश्यक सूचना
1. क्या आप खूनी बवासीर से पीड़ित हैं
2. डाक्टरों और वैद्य-हकीमों का इलाज करा-करा कर थक गए हैं
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो गया है
तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आएं और नि:शुल्क दवा प्राप्त करें।
दैनिक अमृत दर्शन
6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003
मो. 9827054436

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

# बारिश की संभावना को देखते हुए जिला होमगार्ड बचाव की मॉकड्रिल करें - कलेक्टर मिश्रा

### सभी अधिकारी योग दिवस पौधारोपण एवं जनकल्याण शिविर की तैयारी सुरक्षित करें

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

आगामी दिनों में जिले में बारिश की संभावना बन रही है, इसको देखते हुए जिला होमगार्ड बचाव एवं राहत कार्य की मार्क ड्रिल कराकर रिस्पांस टाइम का आकलन कर लें। कलेक्टर ने सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में जिले की समस्त क्षतिग्रस्त पूल पूलिया की मरम्मत करने के लिए निर्देश दिए और कहां की संभावित दुर्घटना ग्रस्त स्थलों पर संकेतक चिन्ह अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक यंत्री को निर्देश दिए कि वह बारिश से पूर्व झाड़ झाड़ियां की छटाई करना सुरक्षित करें। उन्होंने नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए की बारिश से पूर्व चिन्हित जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में बताया कि 21 जून को जिला स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे, इसके पूर्व 5 जून से योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जो 21 जून तक जारी रहेंगे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही वन विभाग, जिला पंचायत, जन अभियान परिषद एवं अन्य संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि वह एक लाख तक शीट बॉल



तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित करें ताकि जिले में वृहद स्तर पर बीज एवं पौधारोपण के कार्यक्रम किए जा सके। उन्होंने जनकल्याण शिविर के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसमें उन्होंने सभी विभागों को सक्रिय सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें, एवं पोर्टल पर निराकरण की स्थिति अपलोड करें। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर के फोटो एवं वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से कर ली जाए।

बताया गया कि आगामी दिनों में कृषि विभाग द्वारा ऑर्गेनिक कृषि पर आधारित वर्कशॉप एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि शिविर में आने वाले हितग्राहियों को एक पौधा लगाने के लिए दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलेक्टर परिसर को प्लास्टिक फ्री किया जाएगा इसके तहत प्लास्टिक की कोई भी वस्तु कलेक्टर कार्यालय में नहीं रहेगी, कांच के गिलास एवं अन्य धातु से बने वस्तुओं का उपयोग होगा। पानी की प्लास्टिक की बोतल एवं अन्य प्लास्टिक के आइटम पर पूर्णतया रोक रहेगी।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की 50 से 100 दिवस के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरण संतुष्टि पूर्वक निराकृत किये जाए, साथ ही उन्होंने लोक सेवा प्रदाय के तहत प्राप्त होने वाले समस्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए और कहां की जो प्रकरण समय सीमा में निराकृत नहीं किये जा रहे हैं उस स्थिति में संबंधित अधिकारी पर पेनल्टी अधिरोपित की जाएगी। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का प्रति सप्ताह निराकरण करना सुनिश्चित करें।

## वरदान गार्डन में महाराणा प्रताप जन्म जयंती महोत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न

### जिले में पहली बार सिर्फ मातृ शक्ति का आयोजन किया गया



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

कार्यक्रम का शुभारंभ मां करणी, मां भवानी एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के पूजन-अर्चन एवं चेरी चौहान द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात महाआरती एवं शस्त्र पूजन कर वीरता, स्वाभिमान और संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया गया। बाईसा मान्या भदौरिया ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

राजपूत समाज की मेधावी छात्राओं बाईसा खुशी राठौड़, बाईसा राशि सोलंकी, बाईसा राजपूत का प्रतिभा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में आरती तोमर जीजा, मोनिका चौहान जीजा एवं गौरवी चौहान बाईसा, सुलेखा राजपूत जीजा एवं मोनिका राजपूत जीजा द्वारा तलवारबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन तथा लठ कला का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। विभिन्न तहसीलों से पधारे पदाधिकारियों माया चंदेल जीजा, कांति राजपूत जीजा, रानू राजपूत जीजा, कविता राजपूत जीजा का सम्मान किया गया।

रजनी भाटी, सौम्य राजपूत, प्रीति राजपूत एवं ममता राजपूत ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों से सभी को प्रोत्साहित किया तथा महाराणा प्रताप जी के जीवन, संघर्ष, त्याग और स्वाभिमान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष अंजू राजपूत ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

महोत्सव में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्रीमति अंजू राजपूत जी,आरती बैंस जिला संरक्षक, ममता राजपूत जिला संरक्षक, रजनी भाटी , प्रीति राजपूत , प्रीति बघेल , मोनिका चौहान , नीतू राजपूत , मोनिका राजपूत , गीता चौहान , सरोज भदौरिया , सुनीता सिंह , ममता सोलंकी , आरती तोमर , श्वेता राजपूत , निधि राजपूत , चंद्रिका राजपूत , स्वाति चौहान , निहारिका राजपूत , सीमा राजपूत , मालती राजपूत , कमलेश परिहार , श्रद्धा चौहान , कमलेश बघेल , सुनीता राजपूत , अनीता राजपूत , मंजू राजपूत एवं करणी सेना की क्षत्राणियां ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम का गौरव बढ़ा।





## ग्राम कजलास में ग्रामीणों ने अवैध शराब पकड़ी

**सिवनी मालवा।** जिला की डोलरिया तहसील के ग्राम कजलास गांव में रविवार दोपहर ग्रामीणों ने अवैध शराब से भरी एक बोलेरो गाड़ी को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना डोलरिया थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों और कजलास के ग्रामीणों ने जब बोलेरो वाहन (MP-05-ZD-9708) को रोका, तो उसमें सवार लोग चकमा देकर भाग निकले। थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि वाहन चालक और उसके साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए वाहन की तलाशी ली, तो उसमें से सात पेटियों में भरी कुल 42.66 लीटर अलग-अलग ब्रांड की अवैध शराब मिली। बरामद की गई सभी पेटियां खुली हुई थीं और गाड़ी में शराब से जुड़ा कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर आबकारी एक्ट में केस दर्ज कर अवैध शराब और बोलेरो गाड़ी को विधिवत जब्त कर लिया है। इस मामले में फरार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने नर्मदा अमृत ब्रांड जैविक खाद मॉडल का राज्य स्तर पर चयन किया

सिवनी मालवा ■ निसं

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। नगर पालिका द्वारा विकसित 'नर्मदा अमृत' ब्रांड जैविक खाद मॉडल का राज्य स्तर पर चयन किया गया, जिसके तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागृह, भोपाल में आयोजित प्रदर्शनी में इस मॉडल का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा प्रदर्शित 'नर्मदा अमृत' जैविक खाद मॉडल का अवलोकन किया तथा इसकी कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने मॉडल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को प्रेरणादायी बताया।

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत नगर के सभी 15 वार्डों से प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण, पृथक्करण एवं परिवहन का कार्य किया जा रहा है। एकत्रित कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर दमाड़िया स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र श्वड्डह गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जाती है। इस खाद को







'नर्मदा अमृत' ब्रांड के नाम से किसानों को मात्र ?5 प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही नगर पालिका द्वारा संचालित पार्कों एवं पौधारोपण कार्यक्रमों में भी इसका उपयोग किया जा रहा है।

प्रदर्शनी के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को 'नर्मदा अमृत' जैविक खाद मॉडल की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत कपड़े से निर्मित झोले एवं नगर में किए जा रहे विकास कार्यों से संबंधित ब्रोशर भी भेंट किए गए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके, स्वच्छता निरीक्षक डॉ. प्रशांत कुमार शर्मा, परियोजना समन्वयक सचिन मलैया सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि प्रदेश स्तर पर नगर पालिका सिवनी मालवा के 'नर्मदा अमृत' जैविक खाद मॉडल का चयन होना पूरे नगर के लिए गौरव एवं सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन के प्रति जन-जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। कचरे के उचित प्रबंधन के माध्यम से जैविक खाद निर्माण की यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें परिषद, मीडिया एवं नगरवासियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके ने बताया कि नगर पालिका द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 नियमों के अनुरूप जैविक खाद तैयार कर किसानों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से एक ओर कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निकाय भविष्य में भी सतत एवं नवाचार आधारित अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों को प्राथमिकता देता रहेगा।

## रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

### संयुक्त टीम ने डंपर एवं दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जप्त

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 07 जून 2026 की रात्रि राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम आंचलखेड़ा, तहसील माखननगर में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन कर रहे एक डंपर क्रमांक MP04HE5029 को जप्त किया गया। जप्त वाहन को पुलिस थाना माखननगर की अभिरक्षा में रखा गया है।

इसी प्रकार 08 जून 2026 को खनिज निरीक्षक द्वारा ग्राम मगरिया, तहसील नर्मदापुरम् क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त किए गए। दोनों





वाहनों को पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम् की अभिरक्षा में रखा गया है।

प्रशासन द्वारा संबंधित वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बारिश के मौसम में नाले के बैकवाटर की समस्या से पीड़ित

## नंदविहार कालोनी के रहवासी अब सभी मौसम में रहेंगे परेशान- दो कालोनियों के विवाद में पानी निकासी बंद हुई

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नंदविहार कालोनी फेस 2 के रहवासी हर वर्ष बारिश के मौसम में नाले का बैकवाटर सड़कों और घरों में घुस जाने से परेशान रहते है क्योंकि इस कालोनी के कालोनाइजर ने पानी निकासी के लिए सोक टैंक बनाए जाने के झूठे वादे के साथ प्लॉट बेच दिये व्यवस्था कुछ की नहीं।

जैसे तैसे निस्तार का पानी एक कच्ची नाली से होकर नाले में जाता था,नाला भी ऐसा बनाया गया कि 5 फीट का नाला डेढ़ फीट की नाली से जोड़ दिया गया तो बारिश में नाले का पानी बैकवाटर के रूप में कच्ची नाली से होकर नंदविहार कालोनी की सड़कों,खाली प्लाटों यहां तक लोगो के घरों तक में फैल जाता है।

अब इसी कालोनी के अंतिम प्लॉट पर एक भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने से और पड़ोसी कालोनी के साथ विवाद की वजह से कच्ची नाली भी बंद हो गई है जिससे निस्तार के पानी के बहने की गुंजाइश ही खत्म हो गई है। भवन निर्माता और पड़ोसी कालोनी के कालोनाइजर अपनी अपनी जमीन सही होना बता रहे है जबकि नाली बंद हो जाने से रहवासी परेशान है कि अब तो बारह महीनों सड़को पर ही गंदा पानी भरा रहेगा तो इस कालोनी में कैसे रहेंगे।

पार्षद और नगरपालिका प्रशासन को समस्या से अवगत करा दिया गया है ताकि बारिश के अलावा समय में तो चैन से रहा जा सके,बारिश में बैकवाटर की नियति को तो भुगतना ही है।

# नगर में अतिक्रमण मुख्य समस्या बना प्रशासन हुआ नतमस्तक अतिक्रमणकारी बेकाबू हुए

सिवनी मालवा ■ निसं

सिवनी मालवा नगर में अतिक्रमण मुख्य समस्या बनी हुई है शहर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में लगातार अतिक्रमण हो रहा है। नगर के मुख्य बाजार, जय स्तंभ चौक, गांधी चौक, पोस्ट आफिस रोड, किराना बाजार में शासन की ओर से समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए गए, लेकिन कुछ ही समय में स्थिति फिर से पहले जैसी हो जाती है। इसके कारण शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर राहगीरों और वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के सबसे व्यस्त गांधी चौक पर स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने तीन कतारों में ठेले लगाए जाते हैं, जिससे





यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। राहगीरों को निकलने में दिक्कत होती है, वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी अक्सर जाम का सामना करना पड़ता है।

**मुख्य सड़कों पर भी अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा:** बाजार की ओर जाने वाली मुख्य सड़कों पर भी अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है। कई दुकानदार अपनी दुकानो के सामने टेबल लगाकर फटपाथ और सडक तक दुकान फैला देते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। इन लोगों से पूछा जाता है तो कहते है कि हमारे द्वारा नगर पालिका को दो से पांच हजार रुपए नगर पालिका को देकर रसीद कटाई जाती है।

इसके परिणामस्वरूप, फुट फिट पर रास्ते में अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले प्रशासन की नाक के नीचे अतिक्रमण करते हैं और नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमणकारियों को हटाने के नाम पर नगर पालिका टीम फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए समय-समय पर अभियान चलाता है। इन कार्रवाइयों के दौरान दुकानदारों को अपना सामान दुकान के भीतर रखने के निर्देश दिए जाते हैं। हालांकि, प्रशासनिक सख्ती का प्रभाव अधिक समय तक नहीं रहता और कुछ ही दिनों में फुटपाथों पर फिर से दुकानें सजने लगती हैं, जिससे स्थिति जस की तस हो जाती है। सुबह से देर शाम तक लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग:** स्थानीय नागरिकों के अनुसार, बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन गया है।

## नगर कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नगर कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे ने नगर में सीवर लाइन रेस्टोरेशन कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने एवं बारिश में खुदाई बंद करने की मांग की जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय ने मूंग खरीदी को लेकर पंजीयन व्यवस्था को सुगम किया जाये एवं प्रति एकड़ उपज खरीदी की सीमा बढ़ाई जाये एवं शहर तहसील एवं एस डी एम कार्यालय को वापिस कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थानंत्रित किया जाये इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नपा अनोखी राजोरिया धर्मेन्द्र तिवारी अजय सैनी मधुसूदन यादव अरुण दीक्षित अन्नू मलैया फैजान उल हक गुलाम हैदर संतोष तोमर अमित खत्री बबलू राठौर विक्की जमनानी प्रदीप दुबे गु धीरज बहुत्रा गुलाम मुस्तफ़ा आनंद थापक कपिल यादव सिराज खान मंजुल मणि ढिमोले प्रताप राजपूत सौरभ राय ऋतिक चौहान कीर्ति मिश्रा अम्बिका राजपूत अजय शर्मा शैलू तोमर विनोद दुबे संतोष अहिरवार सलीम जागेश यादव दिलीप अहिरवार सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### नर्मदा लिफ्ट सिंचाई योजना पर किसानों में नाराजगी

# लगभग 124 गांवों के हजारों हेक्टेयर खेत अब भी पानी से वंचित

नागलवाड़ी क्षेत्र ■ निसं

नागलवाड़ी क्षेत्र। करोड़ों रुपये की लागत से संचालित नर्मदा लिफ्ट सिंचाई योजना का लाभ 124 गांवों के किसानों तक पहुंचाया जाना था, लेकिन आज भी क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर कृषि क्षेत्र तक पर्याप्त सिंचाई जल नहीं पहुंच पा रहा है। कई किसानों का कहना है कि योजना शुरू हुए तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनके खेतों तक नियमित रूप से पानी नहीं पहुंच सका है।

किसान भूकंन बामणिया , हरिओम बर्फा, इंदरसिंह बामणिया,कपिल जाट आदि का कहना है कि भीषण गर्मी के दौरान उन्हें उम्मीद थी कि नर्मदा का पानी नहरों और नालों में छोड़ा जाएगा, ताकि उनकी फसलों को पर्याप्त सिंचाई



मिल सके। लेकिन वर्तमान स्थिति में कई स्थानों पर नालों में पानी नहीं पहुंच रहा है और जहां पानी छोड़ा भी जा रहा है, वहां वह अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके कारण बड़ी संख्या में किसान सिंचाई संकट का सामना कर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि क्षेत्र में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। जब इंसान ही गर्मी से परेशान है, तब खेतों में लगी मिर्च, सब्जी एवं अन्य नकदी फसलों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। समय पर सिंचाई नहीं मिलने से फसलों के सूखने और खराब होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।इस समस्या को लेकर किसानों ने क्षेत्र के विधायक वालाबच्चन को ज्ञापन भी दिया।

मामले को लेकर जब लोकतंत्र के संवाददाता ने क्षेत्र के विधायक बाला बच्चन से चर्चा की, तो उन्होंने कहा कि 'डबल इंजन की सरकार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद 124 गांवों के हजारों हेक्टेयर खेतों तक आज भी पर्याप्त सिंचाई जल नहीं पहुंच रहा है।'

पूर्व ग्रह मंत्री और वर्तमान राजपुर विधानसभा से इलाके के विधायक बाला बच्चन ने कहा कि किसानों की इस गंभीर समस्या को वे आगामी विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने कहा, 'हम इस मुद्दे को विधानसभा में मजबूती से उठाएंगे और सरकार से जवाब मांगेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र के हर किसान के खेत तक जल्द से जल्द नर्मदा का पानी पहुंचे और किसानों को योजना का पूरा लाभ मिल सके।

## द्रुतगति से चल रहा स्वच्छता अभियान

**नर्मदापुरम।** बारिश पूर्व नगरपालिका का स्वच्छता अभियान तेज गति से चल रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत नगर के सभी बड़े नाले-नालियों का जेसीबी पोकलेन और स्वच्छता दूतों की मदद से सफाई कराई जा रही है। विगत एक माह से चल रहे विशेष सफाई अभियान में अनेक स्थानों के नाले नालियों को साफ किया जा चुका है। साथ ही नाले नालियों पर हुए पक्के, कच्चे अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देश पर नगर में बारिश पूर्व विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 14 में स्थित नाले तथा वार्ड क्रमांक 17 के नाले को आज जेसीबी की मदद से साफ किया गया। साथ ही जहां जेसीबी या पोकलेन नहीं पहुंच पा रही थी वहां स्वच्छता दूतों की मदद ली गई। साथ ही नाले पर लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमणों को भी हटाया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन -MP/HSD04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।